चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 257, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 16 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# यूपी में पैनिक बटन से सुरक्षित होगा बेटियों का सफर

**योगी सरकार प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को देगी पैनिक बटन की ताकत, सेफ सिटी परियोजना के तहत सिटी बसों, ओला, ऊबर में लगाए जा रहे सीसीटीवी और पैनिक बटन**

**लखनऊ**

**सेफ सिटी परियो**जना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में योगी सरकार की ओर से महिलाओं, बेटियों और बुजुर्गों को सुरक्षित यात्रा कराने के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों, ओला-ऊबर में सीसीटीवी कैमरे संग पैनिक बटन लगाए जा रहे हैं। वहीं परिवहन विभाग की ओर से सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट किया जा रहा है। इससे यात्रा के दौरान कोई अनहोनी होने पर यात्री पैनिक बटन दबाकर यूपी-112 से मदद मांग सकता है। वहीं सिगनल मिलने पर यूपी-112 की टीम एक्टिव हो जाएगी और तत्काल मदद पहुंचाएगी। इतना ही नहीं सीसीटीवी के जरिये यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का सुखद अहसास होगा।

ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए शासन को भेजा बजट का प्रस्तावः परिवहन विभाग की ओर से सिटी बसों के सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन को लगाने के साथ यूपी-112 से इंटीग्रेट करने के लिए क्रिसिल कंपनी द्वारा टेस्टिंग का काम किया जा रहा है। जल्द ही सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट कर दिया जाएगा। वहीं परिवहन विभाग की ओर से ऊबर के साथ इंटीग्रेशन के टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया गया है। परिवहन विभाग और ऊबर की ओर से सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगाने को लेकर एक एमओयू तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए 9.912 लाख की धनराशि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। शासन से हरी झंडी मिलते ही ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन लगाने के साथ इंटीग्रेशन की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उधर, ओला के साथ इंटीग्रेशन को लेकर एक कंपनी से दोबारा संशोधित फेसियल रिकॉग्नाइजेशन साफ्टवेयर



(एफआरएस) एवं टेक्नो कामर्शियल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। इतना ही नहीं सेफ सिटी परियोजना के तहत यूपी-112 की ओर से प्रदेश में बेटियों से छेड़छाड़ एवं संवेदनशील 1861 हॉट स्पॉट को चिन्हित किया गया है। इनमें से 656 अति संवेदनशील स्थानों की पीआरवी द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

डेढ़ लाख से अधिक बुजुर्गों को किया गया चिन्हितः

सेफ सिटी परियोजना के तहत बुजुर्गों की मदद के लिए यूपी-112 की ओर से 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में विशेष अभियान (सवेरा स्कीम) चलाया गया। अभियान के माध्यम से 1,52,139 अकेले रह रहे बुजुर्गों और बुजुर्ग दंपत्ति को चिन्हित करते हुए सत्यापन किया गया। इनमें सबसे अधिक गाजियाबाद में 1,24,972 बुजुर्गों को चिन्हित करते हुए सत्यापित किया गया। वहीं दूसरे नंबर पर 5245 बुजुर्ग कानुपर, तीसरे नंबर पर 3864 बुजुर्ग आगरा के चिन्हित किये गये। अभियान के दौरान बीट आरक्षियों ने करीब 1,48,933 बुजुर्गों से मुलाकात की और उनकी समस्या का समाधान भी किया।

सबसे अधिक गाजियाबाद के 1,23,862 बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी मदद की गयी। इसी तरह मुरादाबाद के 2340, मथुरा के 2544 और कानपुर के 2362 बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्या का समाधान किया गया।

**हजारों फलस्तीनियों ने छोड़ा घर, रोटी-पानी के लिए भी तरसे, यूएन ने कहा- यह गंभीर मानवीय संकट**

# इजरायल-हमास के बीच जारी है खूनी जंग

**यरूशलम**

**इस्राइल ने** हमास के दो शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। इनमें से एक हमास की वायुसेना का प्रमुख मुराद अबू मुराद और दूसरा हमास की कमांडो फोर्स का कमांडर अली कादी है। सात अक्तूबर को दक्षिणी इस्राइल में नरसंहार के दौरान मुराद आतंकियों को निर्देशित कर रहा था, जबकि अली कादी उनका नेतृत्व कर रहा था। इस्राइली सेना ने कहा, हमास के सभी आतंकियों का ऐसा ही हश्र होगा। फलस्तीन में सक्रिय संयुक्त राष्ट्र की राहत एजेंसी ने उत्तरी गाजा पट्टी से पलायन पर गंभीर चिंता जताई है। एजेंसी ने कहा, पूरा क्षेत्र गंभीर मानवीय त्रासदी की तरफ बढ़ रहा है। हजारों फलस्तीनी बीते 12 घंटे में ही पलायन कर गए हैं। युद्ध से गाजा पट्टी की 20 लाख में से आधी आबादी प्रभावित हुई है। वहीं, सैनिकों के बीच पहुंचे इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आह्वान किया कि अगले चरण के युद्ध के लिए तैयार रहें। सेना के प्रवक्ता ले. कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा, इस्राइल की चेतावनी पर गाजा पट्टी के जो लोग नहीं जा रहे हैं, वे स्वयं अपनी व परिवार की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होंगे। इस्राइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्ला के ठिकानों पर भी हमला किया है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के 3,500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 2,200 से ज्यादा फलस्तीनी और 1,300 से अधिक इस्राइली शामिल हैं। हजारों लोग घायल हुए हैं।

रोटी और पानी को तरसे गाजा के निवासी

पिछले सप्ताह शनिवार को इस्राइल पर किया हमास का हमला गाजा के लोगों को अब





भारी पड़ रहा है। इस्राइली सेना की तरफ से गाजा पर बमों की बारिश की जा रही है और वहां लोग अब रोटी-पानी और बिजली के लिए तरस रहे हैं। दक्षिणी गाजा के निवासी इयाद अबू मुतलाक कहते हैं, बेकरी में ब्रैड नहीं हैं, नलों में पानी नहीं आ रहा, बिजली गुल है। लगातार हमलों से यहां हर चीज का संकट है।

हजारों लोग दक्षिणी गाजा की तरफ आ रहे हैं, जिससे शरणार्थी शिविरों में भी जगह नहीं मिल रही है। अस्पतालों में भी भीड़ है। वहां भी खाने, पीने के पानी और दवाओं जैसी जरूरी चीजों का बहुत बड़ा संकट पैदा हो गया है।

## इस्राइल-हमास जंग का असर तेल के दामों पर

**नई दिल्ली**

**इस्राइल** पर हमास के हमले के बाद शुरू हुई जंग अब भीषण रूप ले चुकी है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को गाजा से नेस्तनाबूद करने की कसम खाई है। दोनों ओर से हो रहे हमलों के कारण हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इसके साथ ही आम जरूरत के चीजों के दाम बढ़ने की आशंका तेज हो गई है जिसमें पेट्रोल भी शामिल है। सितंबर के अंत में तेल की कीमतें 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमास ने हमला कर दिया। इसके बाद पिछले सप्ताह ब्रेंट क्रूड के दाम और बढ़ गए। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह कीमत पांच डॉलर से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई।

इस बीच, अमेरिकी विदेश विभाग में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा मामलों के पूर्व विशेष दूत डेविड गोल्डविन ने आशंका जताई है कि यह लड़ाई कीमतों की बढ़ोतरी के लिए एक वजह हो सकती है। वहीं टोर्टोइज कैपिटल के वरिष्ठ पोर्टफोलियो मैनेजर रॉब थम्मेल ने कहा कि तेल की कीमतों में तब तक भारी वृद्धि नहीं होगी जब तक कि ईरान या किसी अन्य देश के कारण होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान न हो। होर्मुज जलडमरूमध्य, फारस की खाड़ी में है। यह एक अहम रास्ता है जो मध्य-पूर्व के तेल उत्पादक देशों को एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका और उससे भी आगे के बाजारों से जोड़ता है। यह ईरान और ओमान के जल क्षेत्र के दायरे में आता है। सबसे संकरे बिंदु पर होर्मुज की चौड़ाई महज 33 किलोमीटर है।

# सीएम योगी ने कलश स्थापना कर की शैलपुत्री की आराधना

**गोरखपुर**

**गोरक्ष** पीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कलश स्थापना की। इसके साथ ही गुरु गोरक्षनाथ की तपोभूमि गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित होने वाली मां आदिशक्ति की परंपरागत पूजा की शुरूआत हो गयी। नवरात्र के पहले दिन रविवार को मंदिर परिसर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में शाम पांच बजे कलश स्थापित किया। मां भगवती के पहले स्वरूप शैलपुत्री



की आराधना की। इसके साथ ही गोरखनाथ मंदिर में विजयदशमी महोत्सव की शुरूआत भी हो गयी। मंदिर परिसर में होने वाले आयोजन की जानकारी देते हुए प्रधान पुजारी कमलनाथ ने बताया कि शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर रविवार की शाम पांच बजे गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत कलश यात्रा निकाली जाएगी।

## तेलंगाना विस चुनावः बीपीएल परिवारों को 400 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा

**हैदराबाद**

**तेलंगाना** में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने रविवार को घोषणा पत्र जारी किया है। बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने घोषणा पत्र में सभी बीपीएल परिवारों और मान्यता प्राप्त पत्रकारों को 400 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। सभी पात्र बीपीएल लोगों के लिए बीआरएस घोषणापत्र में 15 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर देने का भी वादा किया गया है।

## बलिदानियों की भूमि हिमाचल में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम को लेकर उत्साहः अनुराग



**हमीरपुर**

**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने ह्यमेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत अपने संसदीय क्षेत्र नादौन व सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों के घरों से मिट्टी एकत्रित। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित भी किया। मंत्री अनुराग ठाकुर ने नादौन में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और हमीरपुर के डीडवीं टिक्कर में ग्राम केंद्र प्रमुखों के साथ बैठक की। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि ह्यमेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के माध्यम से हर परिवार, हर व्यक्ति, हर नागरिक, हर बच्चा भारत को एक महान राष्ट्र बनाने में योगदान दे सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से भूले हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की एक नई दृष्टि दी है। स्वतंत्रता सेनानियों ने इसके लिए 'बलिदान' दिया है। इस धरती पर प्राण न्योछावर करने वालों को हम सब अपना समर्पण, अपनी मिट्टी प्रतीक के रूप में दे रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश गुलामी की मानसिकता से अब बाहर आ रहा है। पहले राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक राजपथ बना था, मोदी ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने के लिए उसको कर्तव्य पथ बना दिया है। वहां शहीद स्मारक वार मेमोरियल भी बनाया है। उन्होंने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश' आजादी के अमृत महोत्सव का अंतिम कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत देश के साढ़े 6 लाख गांवों में अमृत कलश यात्रा निकाल कर 30 करोड़ घरों से मिट्टी ली जाएगी।

# हरियाणा के पब व बार में हुक्का बैन

**चंडीगढ़**

**हरियाणा में** चल रहे पब व बार में अब फ्लेवर्ड हुक्का पूरी तरह से बैन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दो सप्ताह पहले एक जनसभा के दौरान हरियाणा में कमर्शियल हुक्का बार पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया था। सीएम के इस ऐलान के बाद गृह विभाग की ओर से हुक्का बार पर लगे प्रतिबंध के संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सोमवार से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों को इस मामले में कार्रवाई करनी होगी।




गृह सचिव टीवीएसएसन प्रसाद की ओर से जारी आदेशों में लिखा गया है कि राज्य के कई जिलों में तंबाकू व फ्लेवर्ड हुक्का परोसा जा रहा है। कई जगह तंबाकू के साथ प्रतिबंधित नशीले पदार्थ भी मिलाए जाते हैं। यह भी सामने आया है कि स्वाद बढ़ाने के लिए हुक्के में कई तरह की जड़ी-बूटी मिलाई जाती हैं।

# भारत-नेपाल सीमा पर विद्यालयों को अपग्रेड करेगी योगी सरकार

**लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय मार्गों एवं बहुउद्देशीय हब के करीब अवस्थित विद्यालयों को अपग्रेड करने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत बहुउद्देशीय हब के करीब स्थित विद्यालयों के साथ ही इंडो-नेपाल बॉर्डर के मुख्य मार्गों पर स्थित विद्यालयों को भी अपग्रेड किया जाएगा। इस तरह के कुल 16 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है, जिसे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की मंजूरी मिल गई है। दरअसल मुख्यमंत्री योगी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के कई प्रस्तावों के लिए



तैयार की गई कार्ययोजना को देखने के बाद अपनी सहमति दी है। इस प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से करीब 8.5 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव है। इसी बैठक में मुख्यमंत्री ने 57 जनपदों में अत्याधुनिक सुविधायुक्त मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की शुरूआत करने के निर्देश दिए थे। सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए इस प्रस्ताव के तहत अंतरराज्यीय मार्ग पर कुल 9 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने की योजना है। इस पर 3.71 करोड़ रुपये के खर्च की संभावना जताई गई है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मार्ग (इंडो-नेपाल बॉर्डर) पर स्थित 7 विद्यालयों को भी अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है। इस पर सरकार 4.73 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इन विद्यालयों को इस तरह अपग्रेड किया जाएगा, जिसमें छात्रों को स्मार्ट तरीके से शैक्षिक सामग्री प्राप्त हो सके। इन विद्यालयों में लैंग्वेज लैब के साथ कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, मॉड्यूलर साइंस लैब, रोबोटिक्स एवं मशीन लर्निंग लैब्स, वाईफाई इनेबल्ड कैंपस जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

# चंद्रयान-3: 'यूएस ने भेजे थे अपने जटिल रॉकेट मिशन के विशेषज्ञ'

**रामेश्वरम**

**अमेरिका में ज**टिल रॉकेट मिशन विकसित करने में शामिल विशेषज्ञों ने चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान की विकासात्मक गतिविधियों को देखने के बाद सुझाव दिया था कि भारत उनके साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी साझा करे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने रविवार को यह बात कही। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि समय बदल गया है और भारत सर्वश्रेष्ठ उपकरण और रॉकेट बनाने में सक्षम है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोल दिया है। सोमनाथ आज दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति की 92वीं जयंती के मौके पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में छात्रों को



संबोधित कर रहे थे। इसरो प्रमुख ने कहा, हमारा देश एक बहुत शक्तिशाली राष्ट्र है। आप इसे जानते हैं? हमारा ज्ञान और खुफिया स्तर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। उन्होंने बताया, चंद्रयान-3 में जब हमने अंतरिक्ष यान को डिजाइन और विकसित किया, तो हमने जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी, नासा-जेपीएल के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया, जो रॉकेट और सबसे कठिन मिशन करते हैं। उन्होंने कहा, 'नासा-जेपीएल के लगभग 5-6 लोग (इसरो मुख्यालय में) आए और हमने उन्हें चंद्रयान -3 के बारे में समझाया। यह सॉफ्ट लैंडिंग (23 अगस्त को) होने से पहले की बात है। हमने समझाया कि हमने इसे कैसे डिजाइन किया और हमारे इंजीनियरों ने इसे कैसे बनाया और हम चंद्रमा की सतह पर कैसे उतरने जा रहे हैं। उन्होंने सिर्फ इतना कहा, 'कोई टिप्पणी नहीं। सब कुछ अच्छा होने जा रहा है।'

जेपीएल एक अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला है, जो नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) द्वारा वित्त पोषित है।

# पवन खेड़ा और राघव चड्ढा के मामले पर सोमवार को सुनवाई

**नई दिल्ली**

**संसद से नि**लंबित किए जा चुके आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

राज्यसभा से अनिश्चितकाल के लिए निलंबन के खिलाफ दायर राघव चड्ढा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ में राघव के मामले की सुनवाई होगी।



संसद की विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट का इंतजार

उच्चतम न्यायालय में निलंबन को चुनौती देने वाली सांसद राघव चड्ढा की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करेगी।

# बाबूगंज में विधायक प्रवीण पटेल ने 62 वें रामलीला मंचन का किया उद्घाटन



**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** रामलीला के आयोजन से हमारे संस्कार जीवित रहते हैं। रामलीला आज भी प्रासंगिक है। उक्त बातें बाबूगंज में श्री राम लीला कमेटी के 62वें वर्ष के रामलीला मंचन का उद्घाटन करते हुए फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने शनिवार को कही। संस्कारों को संजोए रखने की अपील करते हुए उन्होंने कहा की रामलीला का मंचन पारिवारिक संस्कारों को संजोए रखने की सीख देता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में राम भक्तो के बीच उपस्थित हुए कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हम? सबके लिए अनुकरणीय है। युवाओं को इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन से जहां गांव के कलाकारों की प्रतिभा दिखती है, वहीं युवा पीढ़ी भी अपने संस्कारों को अपनाने लगती है। उद्घाटन के पूर्व श्रीराम लीला कमेटी बाबूगंज के पात्रों व पदाधिकारियों ने सुंदर कांड का पाठ कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सकुशल मंचन हेतु प्रार्थना की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र विश्वकर्मा, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार मौर्य, अशोक चौधरी ने भी मर्यादा पुरुषोत्तम राम चंद्र जी के जीवन आदर्श को अपने अंदर उतारने की सीख दी। कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार मोदनवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित दर्शकों ने इस दौरान नारद मोह के मंचन का आनन्द लिया। इस मौके पर कमेटी के संरक्षक अशोक कुमार केसरवानी, उपाध्यक्ष नीरज जायसवाल, महामंत्री भारत लाल जायसवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, ईसा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजय पाल, डॉ राकेश केसरवानी, रविंद्र मिश्रा शास्त्री, आलोक गुप्ता, बालकांत शुक्ला, ननकउ तिवारी, निर्देशक राजेंद्र पटेल,शिव कुमार गुप्ता,सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कर्ण घोडा के जूलूस और मुकुट पूजन से रामलीला का हुआ शुभारंभ

### मऊआइमा में चित्रकूट से आए प्रख्यात रामलीला कलाकार करेंगे मंचन

**अखंड भारत संदेश**



**मऊआइमा।** मऊआइमा का ऐतिसाहिक रामलीला का शुभारंभ रविवार को कर्ण घोणा जुलूस और मुकुट पूजन से आगाज हुआ। जहां क्षेत्र भक्ति मय हो गया है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र का ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ रविवार को सदरबाजार से कर्ण घोणा का जुलूस उठ कर चुनौंटा, गंजियाबाजार, होते हुए राम बाग में लगे मेले में पहुंचा जहां श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शुत्रुघन का मुकुट पूजन होते ही चित्रकूट से नामी रामलीला मंचन पात्र रामलीला का शुभारम्भ कर दिए। कर्ण घोडा जुलूस के संरक्षक मनोज कुमार साहू, अध्यक्ष सचिन साहू, उपाध्यक्ष प्रवीण केसरवानी, महामंत्री मुदित खत्री, मंत्री अशोक साहू, अनिल कुशवाहा, तथा शोभा यात्रा का संचालन करते हुए राजेंद्र साहू, दिलीप केसरवानी, डाक्टर नन्द लाल, रामूसोनी, संजय साहू, रवि साहू ,जयसिंह मौर्या ,विनोद मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

### सज धज के साथ निकला सहसों में कर्ण घोड़ा

**सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी सहसों द्वारा मंचन से पूर्व रामलीला का शुभारंभ के लिए सज धज एवं मंगल ध्वनि के साथ कर्ण घोड़ा को निकाला गया। कर्ण घोड़ा को कमेटी द्वारा रामलीला स्थल से प्रारंभ करते हुए सहसों बाईपास से लेकर गोल चौराहा, हनुमानगंज रोड, झूंसी रोड होते हुए ललचहां स्थित दुर्गा मंदिर दर्शन के पश्चात वापस रामलीला मैदान पर विराम लिया। कर्ण घोड़ा के साथ लोगों ने हाथों में धर्म ध्वजा एवं जय श्री राम के नारे लगाते चल रहे थे। प्रमुख रूप से कमेटी के संरक्षक राम विशाल सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार केसरवानी, प्रबंधक आलोक कुमार सिंह एवं अजय कुमार सिंह गुड्डू , शीतला प्रसाद मोदनवाल, विजय कुमार केसरवानी गप्पू , शिवलाल केसरवानी, सिद्ध नारायण एडिटर, शिव बाबू केसरवानी, राजेश केसरवानी, महेंद्र सिंह, लोदी सिंह एवं मंचन हेतु पात्र सहित आदि ग्रामीण शामिल रहे।

## पूजा पंडालों में अग्निशमन यंत्र के साथ रखें सावधानी : एसीपी

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** कलश स्थापना के साथ दुर्गा पंडालों व मंदिरों में मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना हुई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इलाकाई पुलिस भी कमर कस ली है। सहायक पुलिस आयुक्त मेजा विमल किशोर मिश्र ने बताया कि लिखित तौर पर 349 दुर्गा पंडाल को स्थापित करने की अनुमति प्राप्त कि गई है। जिसमें थाना मेजा से 112, थाना मांडा से 155, थाना कोरांव से 82 लोगों ने अनुमति प्राप्त किया है। जिसमें शासन द्वारा नियमों का पालन करना है। जिसमें दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि पूजा पाठ तक नौ दिन तक अश्लील गानों का प्रसारण न करें। हर पंडालों में अग्निशमन यंत्र रखें और सावधानी बरतें। एसीपी ने बताया कि हर पंडालों पर पुलिस सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ड्यूटी निर्धारित की गई है। हर पड़ाव पर पुलिस उपलब्ध रहेगी। साथ ही साथ महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस टीम भी लगाई गई है। अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिस टीम की तैनाती की गई है। नवरात्र के अवसर पर एक त्वरित पुलिस सहायता टीम भी बनाई गई है। जो निर्धारित समय पर पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए भ्रमण शील रहेगी। साथ ही साथ उन्होंने पंडाल संचालकों से नियम का पालन, जनहित व श्रद्धालुओं की सुरक्षा आदि के मद्देनजर ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। एसीपी ने बताया कि थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय एवं बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया है कि वह भी पंडालों पर अपने कर्मचारियों के साथ सुरक्षा के मद्देनजर लगे रहेंगे। दुर्गा पूजा पंडाल में पानी, बालू की बाल्टी, फायर एस्टिंग्यूसर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। बिजली के कनेक्शन में कटे तार का प्रयोग न करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस सुरक्षा की दृष्टिकोण से भ्रमण करती रहेगी। अराजकता फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## शोकसभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** भाजपा कार्यालय सहसों पर रविवार को मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें भाजपा नेता एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह की बड़ी बहन निर्मला देवी पत्नी स्वर्गीय दिलीप सिंह पूर्व प्रधान ग्राम सभा कोड़रागंज हीरागंज प्रतापगढ़ की लंबी बीमारी के चलते असामयिक निधन हो जाने पर कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा शोक व्यक्त करते हुए मृतक आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी, प्रमुख बहादुरपुर अरूणेन्द्र यादव डब्बू , प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, राकेश बहादुर सिंह, जितेंद्र पटेल, संजय सिंह, अमन सिंह राजपूत, विमल कुमार सिंह, राजेश सरोज, राजेंद्र यादव, अंकित राज एवं संतोष सिंह आदि श्रद्धांजलि देते मौजूद रहे।

## 17 को परिनिर्वाण दिवस मनाएगा अपना दल उठाई जाएगी सीबीआई जांच की मांग

**अखंड भारत संदेश**



**बारा।** अपना दल कमेरावादी की विधानसभा स्तरीय बैठक शंकरगढ़ में संपन्न हुई। विधानसभा बारा के शंकरगढ़ नगर अध्यक्ष राहुल राव के निवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता देवचंद्र पटेल ने की। बतौर मुख्य अतिथि यमुनापार जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र पटेल ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सहित विधानसभा के सभी पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष सेक्टर और बूथ गठन कर अपना-अपना रजिस्टर तैयार कर लें, जिससे अगली समीक्षा बैठक से पहले तैयारियों को परखा जा सके। कहा कि 17 अक्टूबर को पत्थर गिरजाघर (सिविल लाइंस) धरना स्थल पर अपना दल कमेरावादी के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा और धरना प्रदर्शन के माध्यम से डा. सोनेलाल पटेल की मौत की सीबीआई जांच की मांग की जाएगी।

बैठक में मोतीलाल प्रजापति को अपना दल की सदस्यता दिलाते हुए उन्हें विधानसभा बारा में पदाधिकारी नियुक्त किया। ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रयागराज के सिविल लाइंस पत्थर गिरजाघर पहुंचकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का कार्य करें। अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष ने बैठक का समापन किया। बैठक में जिला महासचिव नंदलाल पटेल, जिला मीडिया प्रभारी रामबाबू पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष अमित भारतीय, गिरिजा शंकर सिंह पटेल, कमलभान सिंह, शिवबहादुर पटेल, सुशील पटेल, ऋतुराज सिंह, ओम पटेल, विमलेश पटेल, मान सिंह पटेल, श्रीकांत पटेल, शशिप्रकाश सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाबूगंज में 31 अक्टूबर को होगा दो दिवसीय कबड्डी महासंग्राम का आगाज



**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के बाबूगंज में होने वाली अंतर्राज्यीय कबड्डी महासंग्राम की तैयारी को लेकर आयोजक मंडल ने रविवार को बैठक कर रूपरेखा तैयार की। बैठक को संबोधित करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख फूलपुर रणविजय सिंह यादव ने कहा की कबड्डी गांव का खेल है स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। परंतु अब यह खेल सरकार संसाधनों के आभाव में विलुप्त होने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल कबड्डी महासंग्राम आयोजन समिति द्वारा अंतर्राज्यीय महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष करना युवाओं में जोश भरने का काम करता है। आयोजन समिति के संयोजक बिजलेश भारतीय ने बताया की आगामी 31 अक्टूबर व 1 नवंबर को होने वाली दो दिवसीय कबड्डी महासंग्राम में उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा,राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार सहित राष्ट्रीय स्तर के महिला व पुरुष खिलाड़ी प्रतिभा करेंगे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी ने किया। बैठक का कुशल संचालन शैलेंद्र कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अरशद अल्लाह सभासद फूलपुर, उदय नारायण नेता, शाहिद इंसान, संजय कुमार पटेल, हरिओम प्रकाश, विजय चंद्र विश्वकर्मा, अजय यादव, अमन कुमार, रोहित, शुभम, नीरज, सिद्धांत नारायण, सरदार पटेल सहित दर्जनों की संख्या में आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## डी. के. फिटनेस वजन प्रतियोगिता हुई आयोजित




**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव में रविवार को खेलो इंडिया के तत्वाधान मेंआयोजित वजन प्रतियोगिता में रवि शंकर प्रथम स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदोही सांसद डॉक्टर रमेश चंद्र बिंद रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों से दर्जन भर से ऊपर नौजवान युवकों ने भाग लिया। वजनप्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रवि शंकर, दूसरे स्थान पर अभी यादव वा तीसरे स्थान पर अखिलेश भारतीय रहे। सभी को सांसद द्वारा मेडल देकर सम्मानित करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नवीन सिंह पटेल गंगा पार युवा जिला अध्यक्ष भाजपा , राकेश पाल मंडल अध्यक्ष बलीपुर, वीरेंद्र कुमार, राहुल, मोनू, अनिकेत, समर कुमार, विनय, राहुलशहुल, मंडल महामंत्री भाजपा,सहित दर्जनों की संख्या में भार प्रतियोगिता को देखने के लिए लोगों की भीड़ मौजूद रही। इस कार्यक्रम के संचालक डीके फिटनेस के संचालक दिनेश कुमार रहे। संचालन मुस्तफा सिद्दीकी ने किया।



## नाली को तोड़ने पर ग्रामीणो में आक्रोश

**कोरांव।** विकास खण्ड कोरांव के ग्राम पंचायत तराव स्थित बारीपुर मजरे मे मुख्य सड़क के किनारे पानी के निकासी हेतु बनी नाली जाम होने से सड़क पर नाली का गंदा पानी भरा है जिससे गग्रामीणों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। बता दे कि उक्त मजरे में वर्ष 2005 मे पूर्व प्रधान द्वारा राज वित्त से लाखों रुपये खर्च कर पानी के निकलने के लिए नाली का निर्माण कराया गया था परंतु नियमित सफाई कर्मी न आने और कोरांव से कोहडार मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण व उची सड़क बन जाने से मुहल्ले मे बनी नाली का पानी नही निकल पा रहा है उधर से आने जाने वाले राहगीरों के अलावा नौनिहालों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है वही दूसरी ओर संक्रमण रहित बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है पूरे मामले में ग्रामीणों ने समाधान दिवस पर खण्ड विकास अधिकारी को अवगत कराया जिसमे खण्ड विकास अधिकारी के पहल पर शनिवार को नाली का कार्य शुरू हुआ शनिवार को ही मध्य रात्रि मे किसी अराजकतत्व द्वारा नाली को बीच मे तोड़ के उसके ईट को बगल मे फेक दिया गया ग्रामीण जब रविवार को सुबह शौच के लिए निकले तो उन्होंने देखा टूटी नाली देखकर ग्रामीणों मे भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों में मुख्य रूप से कौशलेस तिवारी, अरूण मिश्रा, सुनील कुमार पांडेय,पंचम लाल, कामता प्रसाद,श्याम लाल, जीवनलाल, मंगला प्रसाद, गौरी शंकर, सीताराम, वेद प्रकाश प्रजापति, अनिल विश्वकर्मा, प्रमोद तिवारी,रामकुमार आदि ने खण्ड विकास अधिकारीका ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या के निदान की माँग की है।

## खेलकूद, धार्मिक कार्यक्रम और नवयुवक मंगल दल की जमीन पर पानी की टंकी का निर्माण से आक्रोश

**मऊआइमा।** खेलकूद के मैदान और धार्मिक अनुष्ठान एंव नव युवक मंगल दल के नाम से दर्ज जमीन पर पानी की टंकी बनाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मऊआइमा के ग्राम मदारी में नवयुवक मंगल दल,खेलकूद का मैदान, धार्मिक अनुष्ठान के लिए सुरक्षित जमीन पर पानी टंकी का निर्माण कराए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जिसकि जनप्रतिनिधि व उच्च अधिकारियों से शिकायत करके दूसरे स्थान पर टंकी बनवाए जाने की मांग की है । बताया जाता है कि विकास खंड मऊ आइमा के मदारी में नवयुवक मंगल दल के नाम से जमीन दर्ज है । जिसमें बच्चों के खेलकूद व सार्वजनिक कार्यक्रम होता है । जिसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा जनप्रतिनिधि समेत अधिकारियों को लिखित शिकायत देते हुए दूसरे स्थान पर बनवाए जाने की मांग की है।

## मऊआइमा में दिनदहाड़े बाइक हुई चोरी

**मऊआइमा।** घर के सामने खडी बाइक अज्ञात चोर दिनदहाड़े उडा दिए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बैरहना निवासी बेचूलाल पुत्र रामलखन अपनी बाइक घर के सामने खडी करके घर में चला गया जब थोडी देर में वापस लौटा तो बाइक नदारद थी। भुक्तभोगी बेचूलाल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## मामूली बात को लेकर हुई मार पीट में कई घायल

**मऊआइमा।** मऊआइमा के पिलखुआ गांव में मामूली बात को लेकर हुई मार पीट में कई घायल हुए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्पिलखुआं गांव निवासनीय शांति देवी पत्नी बच्चू लाल का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी मार पीट कर घायल कर दिए। तथा जान से मारने की धमकी दिए। शान्ति देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर भोलानाथ, अनिल कुमार, सुशीला देवी, सविता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली हुई बेपटरी

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** इस समय कोरांव तहसील में स्थित आपूर्ति कार्यालय में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पंगु हो गई है। कार्ड धारक शिकायत करते करते थक गए हैं,कोई ऐसा ग्राम सभा नहीं हैं जहा पर कोटेदारों से साठ प्रतिशत लोग संतुष्ट हो। प्रत्येक दिन निरंतर कार्ड धारक शिकायतें करते हैं किंतु कोटेदारों की जांच में आपूर्ति अधिकारी क्लीन चिट दे देते हैं जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। अक्सर देखा जाता है कि आपूर्ति विभाग की संस्तुति पर कई दुकानें निलंबित हुई और बहाल भी हुईं किंतु यह भी देखा गया कि आरोपों की जांच रिपोर्ट पर तीन तीन बार निलंबित और तीन तीन बार प्रतिभूति जब्ती करण कार्यवाही तथा नोटिस दिए जाने के बाद भी बिना शिकायत कताओं के बयान साक्ष्य वापसी के ही सक्षम अधिकारी वर्षों से निलंबित दुकानों को पुनः प्रतिभूति जब्त कर और भविष्य में अनियमितता की शिकायतें न मिले इस आधार पर भ्रष्ट फुकानदारों की दुकान बहाल कर दी गई और जिस आरोप में निलबित और दंडित हुआ था वही धंधा पुनः शुरू कर दिया इससे लोगों में मायुंसी और दुकानदारों में खुशी का माहौल देखा जा रहा। कुछ उदाहरण कोरांव के ग्राम सभा मडफा कला और अयोध्या तथा ग्राम अल्हवा की दुकानों के विषय में प्राप्त शिकायतों के बाद देखा गया। मड़फा कला में गत सप्ताह कोटेदार द्वारा पंचायत भवन में भंडारित खाद्यान खुले आम व्यापारी के द्वारा विक्रय किया जा रहा है। ग्रामीण और प्रधान शिकायत भी किए किंतु आपूर्ति अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं किए। उल्टा कोटेदार शिकायत कर्ता लोगों को तरह तरह की धमकियां दे रहा है। इसी तरह अयोध्या ग्राम की दुकान का खाद्यान्न गोदाम से नदारद दिख रहा है। कार्ड धारक खाद्यान्न मांगने गए तो खामोश दिख रहा। क्योंकि खाद्यान्न ब्लैक मेल होने का आरोप लगा है। इसी तरह ग्राम सभा अलहवा की दुकान एक बार वर्ष 2011में तत्कालीन एसडीएम छेदी लाल सोनकर ने रंगे हाथ खाद्यान्न और मिट्टी के तेल से लदे वाहन को ग्रामीणों की शिकायत पर पकड़ा था और थाना कोराव में आवश्यक खाद्य अधिनियम के तहत ई सी ऐक्ट में मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेजवाया था और दुकान निरस्त हुई थी। आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत हुआ। वर्तमान में केस की सुनवाई चल रही है। वर्ष दो हजार में खाद्यान्न का कार्ड धारकों का पास मशीन पर फिंगर लगवा कर खाद्यन अल्हवा कोटेदार ने ब्लैक कर दिया। प्रधान ने कोटे की मॉनिटरिंग की अनियमितता पाए जाने की शिकायत सक्षम अफसरों से की साथ ही कार्ड धारक लोग तहसील पर प्रदर्शन किए जिस पर एसडीएम ने गंभीरता से शिकायत को संज्ञान में लिया और बीडीओ कोराव तथा आपूर्ति अधिकारी की एक टीम गठित कर दी। खुले तौर पर पंचायत भवन में ग्राम के कार्ड धारकों का बयान साक्ष्य लिया और संयुक्त जांच टीम की रिपोर्ट पर गंभीर आरोप पाए गए थे जिस पर तत्तकालीन एसडीएम योगेंद्र सिंह यादव ने कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर पाल को निलंबित कर दिया था और आरोप का सही जवाब भी नहीं दिया था। किंतु एसडीएम का तबादला हो जाने के बाद आपूर्ति विभाग की कड़ी कार्यवाही के बावजूद दस माह बाद बहाल कर दिया गया। और नोटिस तथा प्रतिभूति जब्त कर इतने बड़े गंभीर आरोप के बावजूद सेटिंग सिस्टम से बहाल कर दिया गया। जिसकी उच्च स्तरीय शिकायत की गई है। कोटेदार द्वारा ग्राम प्रधान के विपक्षियों के इशारे पर जान से मारने आदि का प्रयास कराया। जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है इसके बावजूद भी उक्त कोटेदार को बहाल कर दिया गया।

### मनमाने ढंग से बहाली,जांच, कार्यवाही व कालाबाजारी धड़ल्ले से आपूर्ति विभाग मौन

### क्या बोले ग्राम प्रधान लीडर्स

दर असल सार्वजनिक वितरण प्रणाली में ग्राम प्रधानों का हस्तक्षेप जब से अधिकारियों ने अपने स्वार्थ हित में कार्यवाही का अधिकार हटा लिया तब से कोटेदार मनबढ़ हो गए हैं। सीधे अपने आपूर्ति विभाग के आकाओं से राब्ता कायम रखने लगे हैं। उत्तर प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम की धरा 17 ग्राम पंचायत के अधिकार,कृत्य,कर्तव्य,तथा प्रसासन की धारा 59 में निहित सार्वजनिक वितरण प्रडाली की उप धारा क ख के अनुसार प्राप्त अधिकार मात्र सार्वजनिक वितरण प्रडाली का अनुश्रवण अनुरक्षण सार्वजनिक चेतना प्रोन्नति का अधिकार दिया गया है। किंतु उक्त ऐक्ट के तहत शिकायत जन हित में किए जाने पर भी प्रधानों की सिफारिश को संज्ञान नहीं लिया जाता है,जिससे ग्राम पंचायतें असंतुष्ट है। जबकि निरस्ती करण के बाद दुकानों की नई नियुक्ति के लिए ग्राम पंचायतें ही नए दुकानदार का चयन करती हैं,खुली बैठक आयोजित करती हैं।

## न्यूज झरोखा

### नवरात्र के पहले ही दिन देवी मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़, श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी



**मांडा।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और उपवास के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर घर कलश स्थापित किया है वहीं श्रद्धालुओं की देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। इससे पहले लोगों ने घरों में माता की प्रतिमा और घट की स्थापना की। चारों ओर देवी मां के जयकारे गुंजायमान हो उठे। आस्था के साथ तमाम श्रद्धालुओं ने नौ दिन के उपवास भी शुरू किए हैं। सुबह उठते ही लोगों ने घरों में सफाई और नित्यकर्म के बाद उपवास रखकर अखंड ज्योति प्रज्वलित की। विधि-विधान से पूजा कर मंदिरों में मां शैलपुत्री का जलाभिषेक किया। मांडा खास पहाड़ी पर स्थित सिद्ध पीठ माँ मांडवी देवी के मंदिर,व मेंढ़ुली मैया के मंदिर तथा चौराहे पर स्थित काली मैया के मंदिर में सुबह से ही महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की कतारें लगी नजर आईं। हाथों में पूजा की थाल सजाकर और जल का पात्र लेकर महिला-पुरुष मंदिर पहुंचे। माता रानी की प्रतिमा पर जलाभिषेक व पूजा कर आरती उतारी। पूजा-अर्चना कर माता से कामनाएं मांगी। चारों ओर पूजा सामग्री, धूप आदि की सुगंध महक रही थी। घरों में पूजा-अर्चना के साथ नौ दिन की अखंड ज्योति जागृत की गई।

### अंबे तू है जगदंबे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली...



**जंघई।** नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन किया गया।विधि विधान से आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से कलश स्थापना करवाई गई। तत्पश्चात भक्तों द्वारा पूजन अर्चन आरती किया गया। शारदीय नवरात्रि में पूरा क्षेत्र मां की आरती पूजन अर्चन में लीन हैं पूरा भारत वर्ष शारदीय नवरात्रि में माता की भक्ति में डूबा हुआ है हर कोई पुण्य फल प्राप्ति हेतु देवी जी को फल, फूल, मिष्ठान अर्पित करके उनकी कृपादृष्टि आशीर्वाद लेने के लिए आतुर है। देवी मां का पूजन तो बारह महीने होता है लेकिन नवरात्रि का सबको इंतजार रहता है। प्रथम दिवस में सब भक्त मां भगवती शैलपुत्री का पूजन अर्चन करते हैं इस अवसर पर दिलीप मिश्रा, गोलू पंडित, आकाश तिवारी, आयुष तिवारी, बंटी द्वारा मां का पूजन अर्चन आरती किया गया।

### भक्तों ने मां दुर्गा की शैलपुत्री के रूप में की आराधना



**सहसों।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन क्षेत्र के पूजा पंडाल, मन्दिर एवं घरों में विधि विधान से वैदिक मंत्र उच्चारण द्वारा स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा में भक्तों ने शैलपुत्री के रूप में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार क्षेत्र के मंदिरों में मां दुर्गा की फूल मालाओं, घंटा घरियारों से भव्य श्रृंगार आरती पूजा की गई। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र मां के जयकारों से गूंजायमान रहा। सहसों सिगरामऊ,भोपतपुर सहित कई स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की पूजा आराधना के पश्चात भक्तों ने देर रात तक जगराता करते हुए भजन कीर्तन करते रहे।

### नवरात्र के पहले ही दिन फड़ पर छापा, तीन जुआरी गिरफ्तार




**बारा/शंकरगढ़।** दीपावली का पर्व नजदीक आने के साथ ही जुआरियों की फौज पहले से ज्यादा सक्रिय दिखने लगी है। शंकरगढ़ पुलिस ने सटीक मुखबिरी पर छापा मारकर तीन जुआरियों को हिरासत में लिया है। मौके से नगदी और ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शंकरगढ़ व डायल 112 की पुलिस द्वारा पीआरबी 142 पर प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम मवैया कला में सरकारी कुएं के पास छापा मारा। मौके से जुआ खेलते हुए नरेंद्र मांझी पुत्र श्यामबिहारी मांझी (निवासी ग्राम मवैयाकला, शंकरगढ़), रामकुमार कोल पुत्र मुंडे कोल (निवासी ग्राम मवैयाकला) और सुक्रेश आदिवासी पुत्र गेंदलाल को गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया कि जामा तलाशी में 490 रुपये, फड़ से 1130 रुपये और ताश के पत्ते बरामद हुए। तीनों जुआरियों का धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत चालान कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई अश्विनी कुमार वर्मा, एचसीपी रामजीत यादव, सिद्धार्थ मौर्य, सतीश कुमार पटेल शामिल रहे। इसी क्रम में शंकरगढ़ पुलिस ने एक वांछित को भी गिरफ्तार किया है। एसओ ने बताया कि धारा 354 व 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र रामगोपाल हरिजन (ग्राम सुरवल साहनी, थाना शंकरगढ़) को मुखबिर की सूचना पर सुरवल साहनी रोड पर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

### जंघई पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**जंघई।** नवरात्र व दुगार्पूजा को लेकर जंघई पुलिस चौकी पर थाना प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में रविवार को पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें सम्मिलित लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। चौकी परिसर मे प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह, जंघई चौकी प्रभारी रामविलास की अध्यक्षता मे पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं को एसडीएम के आदेश पर ही बैठाई जायेगी सभी प्रधान अपने अपने गाँव के पंडाल का विवरण लिख कर दे दें।जिस स्थान पर किसी प्रकार की दिक्कत हो तो पुलिस की मदद लें और दुगार्पूजा के दौरान कोई भी असामाजिक तत्व दिखे तो पुलिस को तत्काल सूचना दें।बैठक में जंघई पुलिस चौकी क्षेत्र के प्रधानों से प्रभारी निरीक्षक ने आग्रह किया कि अपने अपने गांव मे ज्यादा से ज्यादा सीसी कैमरे लगवाएं जिससे घटनाओं की जानकारी मिल सकेगी और क्राइम भी कम होगा।बैठक मे अशोक कुमार सिंह ठेकेदार, मौजी मिश्रा, विजय गौतम असवां प्रधान, प्रमोद कुमार गुप्ता प्रधान सेमरी, अवधेश तिवारी, मुख्तार, भीम यादव, राणा प्रताप सिंह, नीरज मिश्रा, अंशुमान शुक्ल सहित तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### पुलिस चौकी जारी में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**जारी।** प्रयागराज ।दुर्गा पूजा दशहरा त्योहार दृष्टिगत जारी चौकी परिसर में कौंधियारा थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्विवेदी के कुशल छेम में चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार यादव की देख रेख में शांति बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जारी बाजार के व्यापारी , ग्राम प्रधान ,दुर्गा पूजा पंडाल कमेटी के सदस्य एवं नगर क्षेत्रवासियो के संभ्रांत लोग मौजूद थे ।बैठक में क्षेत्र वासियों से त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाए जाने के लिए कहा गया। बैठक में जारी चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार यादव ने आए हुए लोगों को आभार व्यक्त करते हुए त्यौहार को शांति पूर्ण मनाने हेतु अपील की। इस अवसर पर रेनू बिहारी जायसवाल ग्राम प्रधान जारी, शोभा रंजीत गुप्ता ग्राम प्रधान गड़ैया खुर्द, मयंक जयसवाल अरविंद कुमार अग्रहरी, बबलू केसरवानी, रामसखा अग्रहरि, मनोज सोनकर ग्राम प्रधान ,अशोक कुमार लाइनमैन ,राजन केसरवानी, राजाराम सोनी ,आदि मौजूद रहे।

# कुख्यात बबलू डॉन बरेली जेल से प्रयागराज रवाना

## कोर्ट में होगी पेशी, जताया जान का खतरा, 10 करोड़ की फिरोती के लिए किया था अपहरण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** गाजीपुर के रहने वाले कुख्यात बबलू डॉन को भी अब जान का खतरा सताने लगा है। आज कड़ी सुरक्षा में कुख्यात को बरेली सेंट्रल जेल से प्रयागराज ले जाा गया। जहां इस कुख्यात की 16 अक्टबर को कोर्ट में पेशी होनी है। 4 दिन पहले ही बबलू डॉन ने प्रयागराज में अतीक और अशरफ की हत्या कीतरह जान का खतरा जताया था। जिसमें बबलू डान ने जेल प्रशासन से कहा था कि बरेली से प्रयागराज का रास्ता सुरक्षित नहीं है।

**दाऊद का खास रहा है बबलू डॉन :** एक समय था जब जब माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव के नाम से लोग कांपते थे। वह दाऊद इब्राहिम का खास माना जाता था। प्रयागराज में जिस तरह से पुलिस कस्टडी में माफिया अतीक अहमद, और उसके भाई अशरफ की हत्या हुई। उसके बाद माफियाओं में दहशत है। बरेली सेंट्रल जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डॉन ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव ने पेशी पर आने पर अपनी जान को खतरा जताया था। आज प्रयागराज पुलिस बरेली सेंट्रल जेल पहुंची। जहां पुलिस वज्र वाहन गाड़ी से उसे लेकर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने गाड़ी जेल के गेट से मिलाकर खड़ी की, जिससे मीडियाकर्मी उसका फोटो या वीडियो न बना सकें।

**अपहरण कांड में आरोपी है बबलू :** अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव ने प्रयागराज के बहुचर्चित सर्राफा कारोबारी पंकज महिंद्रा के अपहरण कांड में गवाही के लिए बरेली जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी की गुहार लगाई थी। कोर्ट ने उसकी यह अर्जी खारिज कर दी। अब कल यानी 16 अक्टूबर को बयान के लिए तलब किया है।कुख्यात ने जेल प्रशासन से कहा था कि मेरी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करवाई जाए। सर्राफ पंकज महिंद्रा के बहुचर्चित अपहरण कांड में गवाही के लिए पेशी थी। जेल अधीक्षक बरेली की रिपोर्ट में जिले में वीआईपी मूवमेंट के कारण पेशी से असमर्थता जताई। कहा गया कि या तो वीसी से पेशी हो या नई तारीख लगाई जाए।

**आज प्रयागराज में होनी है सुनवाई :** प्रयागराज की जिला कोर्ट ने बबलू श्रीवास्तव को 16 अक्टूबर को बयान के लिए फिर से तलब किया है। व्यापारी की किडनैपिंग 5 सितंबर, 2015 की रात दुकान बंद करके घर जाते समय बदमाशों ने की थी। बदमाशों ने फिरौती के रूप में सरार्फा व्यवसायी के परिजनों से 10 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। बाद में यूपी पुलिस ने फतेहपुर में एक फार्म हाउस से छापा मारकर सर्राफ पंकज महिंद्रा को बचा लिया था।

### प्रॉपर्टी डीलर सत्यपाल के सर व कमर में मारी गई थी गोली

**झूंसी।** प्रॉपर्टी डीलर सत्यपाल भारतीया को तमंचे से दो गोली मारी गई थी पहले कमर में फिर सर में इस बात का खुलाशा पोस्टमार्टम के बाद हुआ। वही हत्यारोपी ननका की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है। पुलिस सर्विलांस की मदद से यह भी पता लग रही है की आरोपित ननका इधर बीच किसके संपर्क में था। नैका गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर सत्यपाल भारतीया उर्फ बाबा लाल की जमीनी रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर ननका की तलाश कर रही साथ अज्ञात लोगों का भी पता लगा रही है कि पर्दे के पीछे से तो नही किसी ने हत्या का ताना बाना बुना है। सर्विलांस की मदद से भी ननका की तलाश की जा रही है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है मामले में नामजद ननका फरार है उसका भाई जेल में है और एसटीएफ का सिपाही नीरज अपनी ड्यूटी पर लखनऊ में है। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुजफ्फर गिरफ्तार

## पुलिस से बचने को पहन रखा था बुर्का, शादी समारोह से पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सोरांव थाने में दर्ज गौ-तस्करी के मामले में वांछित पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुजफ्फर को पुलिस ने शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया है। उस पर एक करोड़ रंगदारी, गौ तस्करी जैसे कई संगीन आरोप हैं। बमरौली से शादी समारोह से पुलिस ने बीती रात उसे बुर्के में गिरफ्तार किया। उसने पुलिस से बचने के लिए नकाब पहन रखा था। पुलिस ने उसे नकाब में ही गिरफ्तार किया है।

### मुजफ्फर ने मांगी थी 1 करोड़ की रंगदारी

गैंगस्टर और गो-तस्कर मो. मुजफ्फर पर जमानत पर रिहा होते ही एक करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप लगा था। उसके खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामला कौशाम्बी के सराय अकिल निवासी रामजीवन की पत्नी आशा देवी से जुड़ा था। आशा देवी के नाम से पूरामुफ्ती में साढ़े तीन बीघा जमीन है, जिस पर मुजफ्फर ने कब्जा कर लिया था। इस जमीन पर मुरफ्फर ने ईंट भट्ठा शुरू कर दिया था। यह वही मुजफ्फर है, जिसने प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल में रहते हुए कौढ़िहार ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जीतकर चर्चा में आया था। 2021 में आशा देवी ने तत्कालीन एडीजी जोन रहे प्रेम प्रकाश से गुहार लगाई थी। उसके बाद एडीजी के दबाव के बाद थानेदार ने जमीन पर आशा देवी को कब्जा दिला दिया था। मुजफ्फर की हिस्ट्रीशीट फूलपुर जनपद से खुली है। मुजफ्फर पर गौ तस्करी जैसे संगीम आरोपों में कुल 15 मुकदमे दर्ज हैं। वह जमानत पर रिहा चल रहा था और एक करोड़ की रंगदारी में वांछित था।

# शक्ति अभियान के तहत भक्तों को साफ सफाई को ले कर किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** रविवार को जोन -04 अलोपी देवी माता मंदिर प्रांगण में नवरात्रि के पावन पर्व पर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के योजनाओं के बारे में बताया गया और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मंदिर में आ रहे भक्तों से आग्रह किया गया कि वह मंदिर प्रांगण में साफ सफाई बनाए रखें किसी भी प्रकार का कचरा इधर-उधर ना फैलाएं और अपने शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान कर साथ ही अपने घरों में निकलने वाले गीला कूड़ा,सुखा कूड़ा अलग-अलग कर देने के लिए मंदिर प्रांगण में ही प्रयोग कर के समझाया गया और डोर टू डोर कलेक्शन में सहयोग करने हेतु, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया इस कार्यक्रम में मंदिर परिसर से महानिर्वाण अखाड़े के मंहत यमुनापुरी जी, मंदिर प्रबंधक शिवानंदपुरी जी और नगर निगम प्रयागराज के जोनल संजय ममगाई जी, नगर निगम के कर्मचारीगण, लायंस टीम, सृष्टि टीम के सदस्य उपस्थित थे। इसके पश्चात मलिन बस्ती हैजा में सफाई अभियान,डोर टू डोर सेग्रीगेशन, तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के संबंध में बस्ती वालों को आगवत कराया गया तत्पश्चात रैली के माध्यम से अमिताभ बच्चन मार्ग पर निकाली गई जिसका उद्देश्य उपरोक्त योजनाओं एवं शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में नागरिकों से उनके सहयोग की अपील की गई।

# कताई मिल मेजा के श्रमिक भाजपा नेताओं का करेंगे घेराव, बनाई गयी रणनीति

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** कताई मिल श्रमिकों की बकाया न्यायोचित देनदारी के भुगतान हेतु एवं मेजा कताई मिल को पुन चालू करने अथवा नया उद्योग लगाने के लिए मजदूर संघ द्वारा विगत दिनों चलाए गए सत्याग्रह आंदोलन के क्रम में प्रयागराज के भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय नेता योगेश शुक्ला की उपस्थिति में माननीय उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता कराए जाने के आश्वासन के उपरांत मजदूर संघ द्वारा सत्याग्रह आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था। सरकार के हस्तक्षेप के पश्चात 18 अगस्त 2023 को मिल प्रबंधन और श्रमिकों के मध्य वार्ता भी हुई किंतु समस्याओं के समाधान के लिए मिल प्रबंधन द्वारा शासन स्तर पर त्रिपक्षीय वार्ता के द्वारा समस्याओं का समाधान कराने के लिए प्रयास नहीं किया जा रहा है।इसलिए श्रमिकों द्वारा पुनः सत्याग्रह आंदोलन के क्रम में 17 अक्टूबर 2023 से जनप्रतिनिधियों के आवास तथा शासन के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठने एवं खाली डब्बा बजाने का निर्णय लिया गया है ।इसी क्रम में सर्व प्रथम भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज के नेता योगेश के राजापुर प्रयागराज स्थित आवास पर मजदूर संघ के बैनर तले उनका घेराव किया जाएगा तथा उनके आवास के समक्ष भूख हड़ताल एवं खाली डब्बा बजाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी उत्तर प्रदेश कताई मिल मजदूर संघ के मंत्री राम प्रताप पांडे ने दी है।

## न्यूज झरोखा...

### भव्यता से निकला चीनीमिल रामलीला का कर्णघोड़ा जुलूस



**नैनी।** नैनी चीनी मिल श्रीराम लीला कमेटी, नैनी का रविवार को कर्ण घोड़ा जुलूस निकाला गया। इसके साथ कि राम लीला की शुरूआत हुई। जुलूस में आधा दर्जन कलात्मक चौकियां आकर्षण का केंद्र रही। राधा कृष्ण, काली स्वांग समेत अन्य झांकियों को देखने के लिए लोगो का हूजम उमड़ पड़ा। जुलूस चीनी मिल से उठकर, स्टेशनरोड, नैनी बाजार, होते हुए शंकरढाल, सब्जीमंडी, मेवालाल की बगिया होते हुए पुनः चीनी मिल जाकर समाप्त हुई। जुलूस में अध्यक्षय विनय जायसवाल बाबा, बेटू जायसवाल, घनश्याम जायसवाल प्रदीप गुप्ता दादा, पिंटू विश्वकर्मा, बबलू केसरवानी, मास्टर,समेत अन्य लोग मौजूद थे। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान, इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह, नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह समेंत औधोगिक थाने की फोर्स मौजूद रही।

### हनुमान नगर में दुर्गा पूजा पंडाल सजाया गया



**नैनी।** नैनी हनुमान नगर स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का आयोजन धूमधाम एवं भव्यता से हो रहा है ' जिसमे इस वर्ष नवरात्रि के प्रथम दिवस को माँ की प्रतिमा का आगमन काफी भव्य एवं दिव्य तरीके से किया गया, जिसमे भरी संख्या मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी एवं साथ साथ डीजे, धमाल एवं अतिशबाजी की जुगलबन्दि देखी गई ' माँ के आगमन के कार्यकर्ता द्वरा नाचते गाते किया गया ' सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वरा दुर्गा पूजा का आयोजन पिछले 12 - 13 वर्षों से इसी भाती किया जा रहा है। जिसमे मुख्य रूप से सम्मिलित कार्यकर्ता शिविन केशरवानी, रितिक चौरसिया, कुणाल चौरसिया, अभिषेक शर्मा, अंकित जैसवाल, शुभम् केशरवानी, मोहित गौतम, प्रित जैसवाल, अनमोल जैसवाल, अनुज जैसवाल एवं इत्यदि भक्त जन।

### पूर्व सभासद ने एसडीओ से जर्जर तार बदलवाने की मांग




**मांडा।** बिलजी कटौती से उपभोक्ताओं का जीवन अस्त व्यस्त के साथ जीना दुश्वार हो गया है। और सूबे की सरकारी द्वारा चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति करने का फरमान जनता के बीच में खोखला साबित हो रहा है। जगह- जगह बिजली के लटकते जर्जर तार तो कहीं का पखवाड़े से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है जिसका कोई सुध लेने वाला न होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। उधर नगर पंचायत के पूर्व सभासद अब्दुल हक अंसारी ने जर्जर तार को बदलवाने के लिए मांडा एसडीओ ध्रुव नारायण सिंह बिजली विभाग को शिकायत पत्र प्रस्तुत कर नये बन्द केबिल तार लगवाए जाने की मांग की।

### बाजार के लिए निकला युवक लापता

**मांडा।** एक सप्ताह पहले बाजार के लिए निकला युवक लापता गया। घर न लौटने पर पत्नी ने मांडा थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के सांड़ी गांव निवासिनी प्रियंका सिंह ने रविवार को थाने में तहरीर दी कि एक सप्ताह पहले उसका पति फूल कुमार सिंह (38) घर से बाजार के लिए निकला, लेकिन अब तक घर नहीं लौटा। तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# थाना समाधान दिवस : भू अतिचारियों के खिलाफ कार्यवाही का आदेश

**अखंड भारत संदेश**



**कोराव।** थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस कोराव में गत दिवस शनिवार को प्रभारी अधिकारी तहदीलदार कोराव अजय संतोषी ने फरियादियों की फरियादें सुनी। दिवस अफसर के रुप में थानाध्यक्ष विनोद कुमार भी उपस्थित थे। तहदीलदार श्री संतोषी ने भू विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान समुचित कार्यवाही के आदेश अधिनस्थों को दिए। उन्होंने भूमि प्रबंधक समिति अध्यक्ष ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार के अनुरोध पर कई माह से भू अतिचारियों से ग्राम समाज की जमीनें खाली कराकर ग्राम्य विकास हित में तथा दलित गरीब मजदूरों भूमि एवं आवास से वंचित लोगों को पट्टा दिए जाने और गरीबों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयास करते चले आ रहे हैं की जानकारी दी। किंतु अंतिम बार प्रधान ने तहसीलदार को अपनी बात समिति की कार्यवाही कर बस्ते में बताई और सरहंगों भू माफियाओं से भूमि खाली किए जाने का पत्र दिया। तहसीलदार कोराव ने समिति अध्यक्ष की मांग के अनुरूप कानूनगो लेखपाल अल्हवा महुली को सीधे पूर्व में राजस्व और पुलिस बल द्वारा सीमांकित भू खंडों को तत्काल पुलिस बल के द्वारा खाली कराए जाने और भू माफिया गैंग की निहित कार्यवाही में शामिल कर प्रथिमिकी भी दर्ज कराए जाने का हुक्म दिया। साथ ही तहसीलदार ने ग्राम प्रधान से अविलंब गरीबों को दुर्पयोग हो रही जमीनों को पट्टा करने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम समाज की जमीनों को राजस्व कर्मी अब खाली कराए जाने की कार्यवाही करेंगे।

### विवाहिता ने साड़ी के फंदे से लगाई फांसी, मौत

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के शाहजी का पुरा इलाके में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कर्नलगंज इलाके में रहने वाली सपना (24) की शादी नैनी शाहजी का पूरा में रहने वाले विजय कुमार के साथ हुई थी। रविवार को सपना ने किसी बात से नाराज होकर अपने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी के फाडे से झूल गई। सपना को एसआरएन हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चर्चा रही कि परिजनो ने सपना की मौत को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है। इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया कि अभी परिजनों ने तहरीर नही दी है। सुबह तहरीर मिकने और पोस्मार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# रास्ते की मांग को लेकर आत्मदाह की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

## कठौली रेलवे फाटक



**मेजा।** दिल्ली हावड़ा रेल के कठौली गांव के समीप बने रेलवे फाटक संख्या 26 सी को बंद किए जाने के आदेश के बाद रेलवे फाटक पर आवागमन पूरे तरीके से रोक दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे विभाग से जुड़े अधिकारी तथा स्थानीय प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था कि लोगों के आवागमन के लिए रेलवे फाटक के बगल अंडरपास पुलिया का निर्माण कराया जाएगा लेकिन अंडरपास पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया और रेलवे फाटक को बंद करने की कवायद को तेज कर दिया गया । रेलवे फाटक को बंद किए जाने के पूर्व ग्रामीण अनशन रत भी हुए थे। तब स्थानीय प्रशासन तथा रेलवे अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए अंडर पासिंग पुलिया निर्माण की बात कही थी। लेकिन एक बार फिर रेलवे विभाग के अधिकारियों के द्वारा पुलिया का निर्माण न करते हुए फाटक को बंद किए जाने की तैयारी में लग गया है। रेलवे विभाग की कार्य शैली से खुन्नस खाए गांव के रामबिहारी यादव ने आत्मदाह की चेतावनी दे डाली।रविवार को एक बार फिर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अजीत सिंह की अगुवाई में गेट संख्या 26 सी पर पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव के मुख्य रास्ते को रेलवे द्वारा बंद किया जा रहा है। जिसके चलते लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतें हो रहे हैं। जबकि रेलवे विभाग के द्वारा ग्रामीणो के आवागमन के लिए पूरब दिशा में सड़क का निर्माण करवाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनका आरोप है कि रेलवे द्वारा उन्हें गुमराह कर बताया गया कि रेलवे फाटक 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक रेलवे कार्य हेतु बंद रहेगा, लेकिन 15 अक्टूबर तक उक्त फाटक बंद है और दोनों तरफ जेसीबी से खोदकर छोड़ दिया गया है। जिसके चलते लोगों को आवागमन करने में दिक्कतें हो रही है। सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों का कहना था कि उक्त रेलवे फाटक को विभाग हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी में है। ग्रामीणों ने रास्ते की मांग की है और 15 दिन का समय देते हुए गांव के ही रामबिहारी व चयन बहादुर ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। इस दौरान दयाशंकर गौतम, जितेन्द्र शर्मा, रमेश शर्मा, हेमंत शर्मा पूर्व प्रधान, रविप्रकाश, अरविन्द सोनकर, बाबा यादव, रामअवध, पृथ्वी पाल, रंजीत यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर मौजूद रहे। रेलवे फाटक पर जाम की सूचना पर रेलवे विभाग के दरोगा मनोज त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# पूर्व महापौर ने चाट व्यापारी के परिवार को दी मदद

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने आज कीडगंज के बीच वाली सड़क निवासी मृतक चाट व्यापारी विशाल उर्फ राजन गुप्ता के घर पहुंची। वहां उनके परिजनों को नंदी सेवा संस्थान की तरफ से 1.20 लाख रुपए का चेक देते हुए आर्थिक मदद की। इसका वादा उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने पीड़ित परिवार से किया था। मंत्री नंदी के वादे को पूरा करते हुए पूर्व महापौर ने आज पीड़ित परिवार के घर जाकर चेक सौंपा और हर संभव मदद का वादा किया। इस दौरान पीड़ित परिवार ने मोबाइल पर मंत्री नंदी से बात की। मंत्री ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि कोई भी समस्या हो तो जरूर बताएं, हर संभव मदद की जाएगी।

2021 में हुई थी चाट व्यापारी की हत्या : 30 दिसंबर 2021 की रात कीडगंज के बीच वाली सड़क का इलाका उस समय दहल गया था जब एक मनबढ़ वदीर्धारी जवान ने चाट व्यापारी विनोद गुप्ता के दुकान पर फायरिंग और बमबाजी की थी। इस घटना में चाट व्यापारी के दो बेटे समेत तीन लोग घायल हुए थे। जिसमें इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल चाट व्यापारी विशाल उर्फ राजन गुप्ता की मौत हो गई थ। घटना के बाद मंत्री नंदी ने मृतक चाट व्यापारी के घर जाकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आजीवन 10 हजार रुपए आर्थिक मदद दिए जाने का वादा किया था। घटना के बाद पीड़ित परिवार को नंदी सेवा संस्थान की तरफ से 1.20 लाख रुपए का चेक दिया गया था। एक वर्ष बाद आज पूर्व महापौर ने मृतक चाट व्यापारी के घर जाकर 1.20 लाख रुपए का चेक दिया।इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद रुद्रसेन जायसवाल, पूर्व पार्षद आभा द्विवेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, संदीप श्रीवास्तव, सेक्टर संयोजक सतीश जायसवाल, प्रेम चंद गुप्ता, प्रणविजय सिंह एवं परिजन उपस्थित रहे।

### आरती के ही समय गुल हो गई बिजली

**झूंसी।** नवरात्र के प्रथम दिन शाम को आरती के समय ही बिजली गुल हो गई। जिसकी वजह से भक्तों को समस्या का सामना करना पड़ा। कुछ मन्दिरो में तो मोबाइल की टार्च के सहारे आरती हुआ। शाम के समय हुई बिजली कटौती को लेकर श्रद्धालुओ ने आक्रोश व्यक्त किया। काफी समय से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण बेहद परेशान है। नवरात्र व दशहरे के त्योहार पर भी बिजली कटौती जारी है। रविवार को नवरात्र के प्रथम दिन हनुमानगंज, कोटवा, फीडर के अंतर्गत जगह-जगह मंदिरों में सामूहिक आरती व प्रसाद वितरण के साथ अन्य अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है दुर्गा प्रतिमा की भी स्थापना हुई है। शाम को सात बजे बिजली ही गुल हो गई जिसकी वजह से आरती में बाधा उत्पन्न हो गई। कोटवा अन्नपूर्णा धाम बुड्ढी माता मंदिर में टार्च की रोशनी के सहारे आरती हुई।

# सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन में धूम धाम से निकली कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** मेजा रोड के शिव मंदिर पर आयोजित होने वाले सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा को लेकर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान हाथी घोड़े के साथ डीजे की धुन पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया, जिनका उत्साह देखते ही बन रहा था। बता दे की मेजारोड के पांती मेजारोड गांव के पुराना पावर हाउस के समीप स्थित शिव मंदिर पर सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथावाचक पंडित आलोक त्रिपाठी जी महाराज सोमवार से रविवार तक भागवत कथा कहेंगे। इसी के तहत आज रविवार को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलांए सिर पर कलश रखकर मेजा रोड बाजार स्थित हनुमान मंदिर, पांती गांव स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, जानकीगंज स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर का भ्रमण करते हुए पूजा अर्चना किया। बता दे कि आज हुई शोभा यात्रा के बाद सोमवार से भागवत कथा शुरू होगी। इसके बाद अगले सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। शोभा यात्रा के दौरान विनीत शुक्ला, संतोष शर्मा, डबल तिवारी, योगेश शर्मा, विजय सेठ, दीना सेठ सहित भारी संख्या में इलाके के लोग शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से मेजा रोड चौकी के उपनिरीक्षक इश्तियाक अहमद पुलिस टीम के साथ मुस्तैद दिखे।

### हनुमानगंज रामलीला मैदान में अवैध अतिक्रमण से आक्रोश

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज रामलीला मैदान में दबंगो द्वारा किया गया अवैध अतिक्रमण रामलीला मंचन में बाधक बन गया है। रामलीला कमेटी के सदस्यों द्वारा मामले की शिकायत पीस कमेटी बैठक से लेकर जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर से भी की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिसकी वजह से रामलीला कमेटी के सदस्यों व स्थानीय लोगो मे भारी आक्रोश है। वाराणसी प्रयागराज मार्ग किनारे स्थित हनुमानगंज रामलीला मैदान में वर्षों से रामलीला होती चली आ रही है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान लोगों ने अपने-अपने मलवे, गुमटियां सड़क की पटरी से हटाकर रामलीला मैदान में रख दिया। जिसकी शिकायत जिला अधिकारी व पुलिस कमिश्नर से की गई राजस्व टीम अवैध अतिक्रमण हटाने आई पर कुछ रसूखदारों के सामने राजस्व टीम की जेसीबी नहीं चल पाई। जिसकी वजह से रामलीला मैदान अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार केसरवानी ने कहा कि अतिक्रमण की वजह से रामलीला मंचन में समस्या उत्पन्न हो गई है अगर जल्द से जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो रामलीला कमेटी के सदस्य बाजारवासियों के साथ सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूत होगे।

# जिले में सालों से लम्बित पड़ी परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कराया जाएः प्रभारी मंत्री

### प्रभारी मंत्री ने ने कल्याणकारी योजनाओं की किया प्रगति समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विकास भवन सभागार में विकास कार्यो एवं जन कल्याणकारी योजनाओं व कानून व्यवस्था की बैठक कर प्रगति समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा ने जनपद की विकास योजनाओं से सम्बन्धित बिन्दुवार जानकारी उपलब्ध करायी।

जिला उद्योग बन्धु की समीक्षा में बताया गया कि उद्यमियों/व्यापारियों के साथ बैठक की जाती है और लम्बित प्रकरणों का उच्च स्तर पर निस्तारण किया जाता है। जल जीवन मिशन की समीक्षा में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि 60 प्रतिशत कार्य किया गया है जिस पर प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है उसकी सूची सांसद को उपलब्ध करा दी जाये जिससे वे स्थलीय निरीक्षण कर योजना की जानकारी ले सके। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर बैठक में जिले की कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण पर की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की तो पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विभिन्न



समीक्षा बैठक में बोलते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

कार्यालयों का सौन्दर्यीकरण किया गया, अपराधियों की सूची अलग अलग बनायी गयी है उसी आधार पर उनका सत्यापन किया जाता है। बैठक में अन्त में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अन्तिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रयत्नशील है।

सभी अधिकारी अपने विभागीय योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने हेतु व्यापक भ्रमण कर लाभार्थियों को सभी आवश्यक सुविधायें शासन की नीतियों के अनुसार पहुँचाना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने विकास से सम्बन्धित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शासन की नीतियों के अनुसार विकास परक योजनाओं को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पूरी सावधानी बरती जाये कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकासपरक योजनाओं के शिलान्यास तथा उद्घाटन सम्बन्धी कार्यक्रम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि जिन कार्यदायी संस्थाओं द्वार परियोजनाओं के कार्यो में लापरवाही बरती जा रही है उनको ब्लैक लिस्टेड करते हुये एफआईआर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। कच्ची शराब माफियाओं को चिन्हित कर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक में सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## औषधीय पौधों एवं वृक्षारोपण के लिये कृषकों को किया जाए जागरूकः डीएम

### डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में सभागार में जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में बताया गया कि जनपद में 22 जुलाई से 15 अगस्त 2023 को वृक्षारोपण कराया गया था जिसकी जियोटैगिंग सम्बन्धित विभागों द्वारा की जानी थी जिसमें लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग के जियोटैगिंग की स्थिति ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बान्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शत प्रतिशत जियो टैगिंग पूर्ण करायी जाये और कहा कि जो भी पौधे लगाये गये है उनकी सुरक्षा एवं देखभाल हेतु तारो से घेराव किया जाये। जिलाधिकारी ने ईट-भट्ठों के निरीक्षण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित भी किया।

जिला गंगा समिति की बैठक में उप कृषि निदेशक ने बताया कि गंगा के ग्रामों में जमीन को उपजाऊ बनाने हेतु कृषको को औषधीय पौधों एवं वृक्षारोपण हेतु कृषकों को जागरूक किया गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर न लगाये जाये और प्लास्टिक का उपयोग न किया जाये, कपड़े के थैले के प्रयोग हेतु लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक, कंस्ट्रक्शन एण्ड डिमोलिशन वेस्ट प्रबन्धन से सम्बन्धित कार्यवाही की जाये।

उप वनाधिकारी द्वारा बताया गया कि गंगा के किनारे के गांवों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा कार्यक्रम, हर घर हर घाट तिरंगा कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, हाट पर घाट, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कण नाकट, संगोष्ठी, झण्डा रोहण, गंगा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान, गंगा स्वच्छता संदेश रैली एवं तिरंगा यात्रा आदि कार्यक्रम किये गये। भूजल संरक्षण के अन्तर्गत निबन्ध प्रतियोगिता, वाद विवाद, संगोष्ठी, रैली, स्वच्छता आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी प्रकार स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत निबन्ध, रैली, वाद विवाद, संगोष्ठी आदि कार्यक्रम किये गये। बैठक में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी ने नदी पुनर्रोद्धार के लिये सकरनी नदी का प्रस्ताव किया जिस पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु जिलाधिकारी ने सम्बान्धित अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार पर्यावरण सेना के प्रमुख ने दमदम झील को वेट लैण्ड के रूप में विकसित करने की बात कही। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# जाणता राजा का मंचन केवल नाटक नहीं बल्कि स्वाभिमानी अतीत का जीवंत प्रकटीकरण

### महानाट्य जाणता राजा की तैयारी बैठक में हुई संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती द्वारा काशी में 21 से 26 नवंबर तक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध महानाट्य जाणता राजा की तैयारी के क्रम में आज प्रतापगढ़ के तुलसी सदन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात कथावाचक आचार्य शांतनु महाराज



संगोष्ठी में बोलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक।

और विशिष्ट अतिथि सह प्रांत कार्यवाह, काशी प्रांत डॉक्टर राज बिहारी लाल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अनिल ओक ने कहा कि जाणता राजा का मंचन केवल एक नाटक का मंचन नहीं है, यह हमारे गौरवशाली और स्वाभिमानी अतीत का जीवंत प्रकटीकरण है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी योग्यता, क्षमता और साहस के बल पर मुगल आक्रांताओं को परास्त करके 350 वर्ष पूर्व हिन्दवी स्वराज की स्थापना की द्यशिवाजी एक वीर योद्धा थे। वह सदैव विजय के लड़ते रहे और हिंदू स्वाभिमान को जागृत करने का कार्य करते रहे। उन्होंने कभी डरना और थकना नहीं सीखा। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों द्वारा भारत माता और छत्रपति शिवाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में सांसद संगम लाल गुप्ता और विधायक सदर राजेंद्र मौर्य द्वारा अनिल ओक और पूज्य शांतनु महाराज को अंगवस्त्र और छत्रपति शिवाजी महाराज का चित्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख और आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर सौरभ पांडेय ने किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रवेश, रमेश चंद्र त्रिपाठी, चिंतामणि द्विवेदी, सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेंद्र मौर्य, शिवप्रसाद, हरीश हरिओम मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव, शिव प्रकाश प्रकाश मिश्रा सेनानी, शिव शंकर सिंह, कृष्णकांत मिश्रा, डॉ रंगनाथ शुक्ला, अनुराग मिश्रा,गोविंद खंडेलवाल शिशिर खरे, डॉ शिवानी मातनहेलिया, सुनील दुबे, गिरजा शंकर मिश्रा, नितेश खंडेलवाल, अमित देव, आलोक गर्ग, ओम प्रकाश पांडे गुड्डू, डॉक्टर बृजभान सिंह, डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा, कार्तिकेय द्विवेदी, हेमंत, सर्वोत्तम, रमेश पटेल, दिनेश अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने विभागों में जांच की लम्बित शिकायतों के सम्बन्ध में समीक्षा की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभागार में विभागों में जांच की लम्बित शिकायतों की समीक्षा की। बैठक में यह पाया गया कि विभागों में पिछले 02-03 वर्षो से जांच की लम्बित शिकायतें पड़ी हुई है जिस पर अधिकारियों से जानकारी ली गयी तो बताया गया कि कुछ पत्रावलियाँ नही मिल पा रही है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी पत्रावलियाँ मिले उनकी जांच की जाये और जो नही मिल पा रही है उसके सम्बन्ध में सम्बन्धित पटल सहायक से जानकारी ली जाये, यदि सम्बन्धित पटल सहायक द्वारा पत्रावली नही प्रस्तुत की जाती है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होने निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता द्वारा जो भी शिकायत की जाय, जांच के दौरान शिकायतकर्ता को अवश्य ले जाये, यदि शिकायतकर्ता किसी कारणवश नही जाना चाह रहा है तो उसकी स्पष्ट आख्या जांच में लिखी जाये। विभागों में जो भी लम्बित जांच से सम्बन्धित शिकायतें है उसकी जांच समय से करा ली जाये नहीं तो स्वयं की जिम्मेदारी तय की जायेगी। शिकायकर्ता यदि जांच से सन्तुष्ट है तो उससे लिखित रूप में लिया जाये। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कई विभागों के जांच अधिकारियों को पत्र न उपलब्ध कराये जाने के कारण शिकायतें लम्बित है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि सम्बन्धित जांच अधिकारी को जो भी आवश्यक कागजात हो उपलब्ध करायें।

# मानिकपुर नगर पंचायत में व्यापारियों को ही मिलेगा मुआवजाः सांसद

### रायबरेली से प्रयागराज फोरलेन सड़क के संबंध में व्यापारी मिले सांसद से

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** रायबरेली से प्रयागराज तक सड़क को फोरलेन करने का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा जिन किसानों की भूमि सड़क में अधिग्रहित की जा रही है उन किसानों को मुआवजा दिया जा रहा है। परंतु नगर पंचायत मानिकपुर में जमीदारी उन्मूलन न होने के कारण व्यापारियों को प्रदेश सरकार द्वारा मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन जिनके नाम जमीन है। उन्हें ही मुआवजा देने की तैयारी कर रहा था।

नगर पंचायत के व्यापारी चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू के नेतृत्व में कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर से मिलकर मुआवजा दिलाने की मांग किए थे। रविवार को नगर पंचायत मानिकपुर कार्यालय में सांसद कौशांबी विनोद सोनकर के समक्ष नगर पंचायत के व्यापारी एवं आम जनमानस एकत्र होकर अपनी समस्या बताई। व्यापारियों ने बताया व्यापारियों ने बताया कि नगर पंचायत के जमींदार कई बार अपनी जमीन बेच चुके हैं।

परंतु सरकारी रिकॉर्ड में जमीन उन्ही के नाम है। मानिकपुर नगर पंचायत में जमींदारी उन्मूलन न होने के कारण आज भी जमीन जमींदार के नाम चली आ रही है। जिसके कारण व्यापारियों को जमीन अधिग्रहण की राशि नहीं मिल पा रही है। इस पर सांसद विनोद सोनकर ने उप जिलाधिकारी कुंडा भरत राम को निर्देशित किया कि नगर पंचायत मानिकपुर में जिन व्यापारियों की जमीन सड़क हेतु अधिग्रहित की जा रही है मुआवजा उन्हें ही मिले न कि जमींदार को। किसी भी कीमत पर जमीदार को मुआवजा नहीं मिलना चाहिए। बैठक में प्रमुख रूप से उप जिलाधिकारी कुंडा भरत राम,चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू, व्यापार मंडल से राजू जायसवाल, शाहिद अंसारी, महेश धुरिया, विनोद सोनी, सौरभ शुक्ल, महेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## प्रतापगढ़ आयेगी भारत गौरव ज्योतिर्लिंग ट्रेन

**प्रतापगढ़।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि0 (आईआरसीटीसी) द्वारा गोरखपुर रेलवे स्टेशन से सात ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए चलाई गई भारत गौरव ट्रेन 27 नवम्बर को प्रतापगढ़ आयेगी। वापसी में भी यही रूट रहेगा। जिन यात्रियों को ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ, भेंट द्वारका, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करना है वो पैकेज की बुकिंग करा कर इस ट्रेन का लाभ ले सकते हैं। इस बारे में मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक आईआरसीटीसी उत्तर रेलवे लखनऊ अजीत कुमार सिन्हा ने बताया है कि यात्रा की बुकिंग के लिए पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट से ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।

# मां ज्वाला देवी द्वार का सांसद विनोद ने किया शिलान्यास

### शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन शैल पुत्री के रूप मे पूजी गयी

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा/परियावां/प्रतापगढ़।** नगर पंचायत मानिकपुर में सुप्रसिद्ध धाम मां ज्वाला देवी का मंदिर है जहां पर जनपद ही नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य जनपदों से लोग मां गंगा एवं मां ज्वाला देवी के दर्शन हेतु आते रहते हैं नगर पंचायत मानिकपुर के लोग कई वर्षो से मां ज्वाला देवी मंदिर के प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर गेट बनाने की मांग कर रहे थे।

रविवार को कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने नवरात्रि के प्रथम दिन ही मां ज्वाला देवी गेट का शिलान्यास विधि विधान से पूजन कर किया। सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 20 लाख रुपए की लागत से गेट का निर्माण किया जायेगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी कुंडा भारत राम,



मां ज्वाला देवी द्वार का पूजन करते सांसद विनोद सोनकर।

चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू, अधिशाषी अभियंता नगर पंचायत मानिकपुर अजीत सिंह,मंडल अध्यक्ष राकेश मोदनवाल, कमलेश सोनकर, विजय यादव, सौरभ शुक्ल समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। परियावां प्रतिनिधि के अनुसार शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने कालाकांकर व नवाबगंज गंगानदी मे आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बने। नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैल पुत्री के रूप मे घरो मे पूजी गई। क्षेत्र के बने दुर्गा पंडाल मे मां दुर्गा की प्रतिमाओ के साथ मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, कार्तिके व गणेश भगवान की मूर्ति की शास्त्री ने यजमान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर पूजन अर्चन कराया। क्षेत्र मे चहूँओ मां के जयकारो से समुचा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां, आलापुर, काला कांकर, झुकवारा, सीताराम पांडे का पुरवा, राजा का पुरवा, कडरौ, जनवामऊ सेखवापुर आदि क्षेत्रो मे दुर्गा प्रतिमा के संग अन्य प्रतिमाओ की प्राण प्रतिष्ठा की गई जो नवमी तक कार्यक्रम चलता रहेगा दशमी के दिन सभी प्रतिमाओ का गाजा बाजा के साथ कालाकांकर घाट पर विसर्जन किया जायेगा।

# भूत भावन भोलेनाथ की बारात से रामलीला समिति ने लीला का किया शुभारंभ

### भूत प्रेत, देवतागण व राम भक्त बने बाराती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा आज शिव बारात से रामलीला की शुरूआत हो गई। भगवान भोलेनाथ की बारात गोपाल मंदिर से तीन बजे निकली। भगवान भोलेनाथ की बारात में हाथी, घोड़े, भूत प्रेत, देवतागण आगे आगे चल रहे थे। दूल्हा बने भोले नाथ का जगह-जगह स्वागत हो रहा था। भगवान भोलेनाथ को रामलीला समिति के संरक्षक रवि अग्रवाल, रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह ह्नदिन्नूह्न, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, राजू शर्मा, पंकज शुक्ला, धर्मेंद्र चैरसिया आदि ने आरती उतार कर बारात को रवाना किया गया। शिव विवाह के अतिथिगण श्री जय नारायण अग्रवाल संरक्षक, हरिओम मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, सुरेश अग्रवाल संरक्षक, दिनेश शर्मा, बृजेश गुप्ता पिंटू आदि रहे।

वहीं महिला मंडल ने भगवान भोलेनाथ की आरती उतार कर बारात में नाचते गाते मंगल गीत गाते हुए बारात में चार चांद लगा रही थी। बारात गोपाल मंदिर से चैक होते हुए स्टेशन रोड वहां से वापस चैक होते हुए चिलबिला हनुमान मंदिर से स्टेशन रोड पहुंचेगी। जहां पर भगवान भोलेनाथ का माता पार्वती के साथ हाइड्रोलिक मंच के द्वारा जयमाल कराकर विवाह का कार्यक्रम संपन्न होगा। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि बारात का स्वागत



भोलेनाथ की बारात में नाचती महिलाएं।

जगह-जगह राम भक्तों ने किया। आज पूरा नगर भगवान भोलेनाथ के बाराती बनने को आतुर था। वहीं पूरा चिलबिला आज माता पार्वती की तरफ से शादी की समस्त अदायगी कर अपने आप को धन्य समझ रहा है। चिलबिला वासीयो को माता पार्वती के विवाह की पांवपूजी करने का सौभाग्य मिला है। बारात प्रभारी राजू शर्मा व धर्मेंद्र चैरसिया व उनकी पूरी टीम ने बड़ी मेहनत के साथ आज के आयोजन को सफल बनाने में लगी हुई थी। महिला टीम की अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, बीना केसरवानी,विनीता केसरवानी, अर्चना गुप्ता, सुनीता गुप्ता, ज्योति खंडेलवाल, रोशनी सिंह, लक्ष्मी सिंह, स्मिता खंडेलवाल, प्रीति केसरवानी आदि महिला टीम रही। बारात में मुख्य रूप से सुरेश अग्रवाल,संजय खंडेलवाल, दिनेश सिंह ह्नदिन्नूह्न, विपिन गुप्ता, मनीष गुप्ता, श्याम शंकर सिंह, आशीष जायसवाल, प्रदीप केसरवानी, छेदीलाल, देवानन्द, जितेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चैरसिया, विपिन शर्मा, मनीष सिंह, अनिल केसरवानी, विनय सिंह, संजय जैन, पंकज मिश्रा, नितिन शर्मा, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला, परमानंद मिश्रा, शीतला सोनी, राकेश सादवानी, अमन गुप्ता, सूरज कुमार, मनीष रावत, दीपेंद्र कुमार, विनय केसरवानी, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, राजेश खंडेलवाल, ओम कृष्णा पांडे, अभिषेक कश्यप, राज गुप्ता, अतिरेक कश्यप, यशु शर्मा, प्रिंस सोनी, अभिषेक गौतम, विवेक कुमार, वेंकटेश, शिवम गुप्ता, केशव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में बुधवार से शुरू होगा साइबर थाना

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में बुधवार से साइबर थाना शुरू होगा। एडीजी प्रयागराज भानु भाष्कर अस्थाई थाने का लोकार्पण करेंगे। शासन से स्वीकृति मिलते ही स्थाई साइबर थाना होगा। बता दें कि पुलिस लाइन परिसर में साइबर थाना प्रस्तावित है। महिला सशक्तिकरण के चैथे चरण में पुलिस अधीक्षक कार्यलय परिसर में महिलाओं के लिए बड़ी सौगात है। इस दौरान मुख्य भवन के पीछे महिला पुलिसकर्मियों व फरियादियों को बच्चों को फीडिंग कराने के लिए कक्ष का भी एडीजी लोकार्पण करेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने तैयारियों का जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक निर्देश दिये।

## भदंत शांति मित्र के निधन पर सृजना ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**



भदंत शांति मित्र (फाइल फोटो)

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त मंत्री) भदंत शांति मित्र के आकस्मिक परिनिर्वाण (निधन) पर एक शोक सभा सृजना कुटीर अजीत नगर प्रतापगढ़ में की गई, जिसमें उनके विशाल धार्मिक-सामाजिक योगदान पर चर्चा हुई। दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गौरतलब है कि भदंत शांति मित्र जीवन भर विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए प्रयासरत रहे। उनका कहना था कि स्वस्थ और सुखद समाज की संरचना के लिए बौद्ध विचारधारा को आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने विश्व के अनेक देशों का भ्रमण किया। सदा प्रतापगढ़ का विश्व पटल पर गौरव बढ़ाते रहे। शोक सभा में साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, रोशन लाल ऊमरवैश्य, आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, अनिल कुमार निलय, अमर नाथ गुप्ता बेजोड़ प्रमुख रहे।

# नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री स्वरूप की हुई पूजा

अखंड भारत संदेश

**भक्तो के जयकारों से गुजायमान हुआ देवी मंदिर और देवी पंडाल, गंगा नदी के पवित्र जल में स्नान कर भक्तों ने शुरू किया नवरात्रि की पूजा**



**कौशाम्बी।** नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में सुबह से महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली हैं गंगा नदी के पवित्र जल में स्नान करने के बाद भक्तों ने देवी मां की पूजा अर्चना शुरू की है देवी मंदिरों के साथ-साथ पांडाल में स्थापित देवी प्रतिभाओं के सामने भी मां की पूजा अर्चना करते भक्तों की भारी भीड़ देखी गई है मां के जयकारा घंट घड़ियाल की मधुर ध्वनि से देवी मंदिर देवी पंडाल और नगर गूंज रहे है आदि शाक्ति पीठ कडाधाम में नवरात्रि के प्रथम दिन शैलपुत्री स्वरूप की पूजा हुई और सुबह से ही कडाधाम के कुबरीघाट, कालेश्वरघाट आदि विभिन्न गंगा घाटो पर भक्तों ने गंगा नदी के पवित्र जल में स्नान करके हाथो में नारियल चुनरी मिठाई हलवा पूडी. आदि पूजन सामाग्री लेकर दर्शन को घंटो अपनी बारी का इंतजार करते भक्त दिखेइसी तरह मंझनपुर कस्बे के अति प्राचीन दुर्गा मंदिर में भी नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई है सुबह से मंदिर में महिला पुरुष भक्तों की भीड़ लगने लगी मां की पूजा अर्चना कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया है मां के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था नवरात्रि के प्रथम दिन शैलपुत्री माता की पूजा का विशेष महत्व है इस दिन उपासना से साधक को अनेक सिद्धियों की प्राप्ति होती हैं। पश्चिम पूरब शरीरा स्थित प्राचीन झारखंडी माता के मंदिर में भी सुबह से भक्तों की भारी भीड़ देखी गई है माता की पूजा अर्चना करने के लिए महिला पुरुष भक्त बेताब दिखाई पड़े हैं पूरे दिन झारखंडी माता के मंदिर में हजारों भक्तों की भीड़ लगी रही इसी तरह आनंदी माता अढौली के मंदिर में भी नवरात्रि के प्रथम दिन महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही जिले में जगह-जगह पर भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है तमाम मंदिरों में हलुवा दमआलू का प्रसाद भक्तों द्वारा वितरण किया गया तो कुछ मंदिरों में पूड़ी सब्जी का प्रसाद भक्तों द्वारा वितरण किया गया है देवी मंदिरों के साथ-साथ देवी पंडाल में भी पूरे दिन हवा दम आलू का प्रसाद भक्तों द्वारा वितरण किया गया है जिले के नगर ग्राम कस्बे सहित विभिन्न स्थानों में हजारों पंडाल में देवी प्रतिमा स्थापित कर भक्त पूजा पाठ भजन कीर्तन अर्चन में मनन दिखाई पड़ रहे हैं।



## शीतला माता दरबार में भंडारे का आयोजन

**कौशाम्बी।** पवित्र शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस रविवार को कौशांबी के कड़ा में जगत जननी माता शीतला देवी के धाम में भारतीय जनता युवा पार्टी युवा मोर्चा की तरफ से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूर-दूर से आए सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया गया प्रसाद वितरण कार्यक्रम में कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया भंडारे के अवसर पर प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और सुबह से देर शाम तक भंडारा चलता रहा जिसमें हजारों महिला पुरूष भक्त लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया गया।

## शौहर ने बीवी की लात घूसों से की पिटाई

**बीबी से पीड़ित शौहर ने दी आत्महत्या की धमकी**

**संदीपन घाट** थाना क्षेत्र के इकबाल नगर पन्नोई की रहने वाले एक बीवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर की शाम को जब उसका शौहर घर पर आया तो उसने अपने चैन पट्टी और कील के लिए उससे पूछा जिस पर उसके शौहर ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ लात घूसों से मारपीट की है बीवी का कहना है कि उसका शौहर चार निकाह कर चुका है और तलाक देने की धमकी देता है मारपीट के दौरान बीबी के हो हल्ला मचाने पर जब आसपास के लोग आ गए हैं तो जान से मारने की धमकी देते हुए उसका शौहर चला गया है बीवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका शौहर आत्महत्या करने की धमकी देता है।

## न्यूज झरोखा

### बम्हरौली के रामकिशुन ने चीता को पछाड़कर बने दंगल चैंपियन

**पहलवानों ने कला का प्रदर्शन कर दंगल प्रेमियों का जीता दिल**



**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के हिसामपुर परसखी में नवयुवक मंगलदल के अध्यक्ष अमरीश मिश्रा की अगुवाई में दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया प्रथम दिन शनिवार को पहलवानों ने अपने दमखम दिखाए। रविवार को शुरू हुए दंगल में सैय्यदसरावां के तोता पहलवान और फतेहपुर से आए राजेश पहलवान के बीच कांटे की कुश्ती हुई जिसमें तोता पहलवान विजई हुए। तेरहरा के पहलवान संतलाल और पुरैनी गांव के महेश कुमार के बीच हुई कुश्ती में संतलाल भारी पड़े। काजू के पहलवान मनराज और गोरखपुर से आए पहलवान चंदू के बीच हुए जबरजस्त प्रदर्शन में मनराज ने चंदू को पटखनी दे दिया। दिल्ली की पहलवान वैशाली और प्रतापगढ़ के पहलवान राजबहदुर के बीच हुई कुश्ती में वैशाली ने जीत हासिल किया। दंगल चैंपियन की कुश्ती बम्हरौली के पहलवान रामकिशुन और पंजाब के चीता पहलवान के बीच हुई। दोनों पहलवानों ने जबरजस्त दांव पेंच का प्रदर्शन किया। अंत में रामकिशुन पहलवान ने चीता को पछाड़ते हुए दंगल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पूरे समय मेले में कुश्ती देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा रही और लोग तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साह वर्धन करते रहे।

### मनौरी रामलीला कमेटी द्वारा शस्त्र और मुकुट पूजन कर रामलीला का किया शुभारंभ



**मनौरी कौशांबी** मनौरी बाजार में श्री रामलीला समिति के तत्वाधान में रविवार को भगवान के मुकुट और शस्त्र की वैदिक मंत्रोच्चारण के द्वारा विधि विधान से पूजन कर रामलीला का शुभारंभ किया गया ,कमेटी के अध्यक्ष कुबेर चंद्र केसरवानी ,प्रबंधक दीपू केसरवानी, जगदीश चंद्र केसरवानी ने मुकुट किया मनौरी श्री रामलीला के संरक्षक शंभू लाल केसरवानी और पुरामुफ्ती थानाध्यक्ष अजीत सिंह ने फीता काटकर भगवान की लीला का मंचन शुरू कराया कार्यक्रम में सुधीर कुमार केशरवानी अध्यक्ष व्यापार मंडल, मनोज केसरवानी,रवि कुमार,प्रदीप कुमार,विकास कुमार,राजेश कुमार,गिरीश चंद्र,सुनील साहू,मनोज सोनी,राकेश गुप्ता,राजीव कुमार,संजीव कुमार,वीरेंद्र कुमार,अवधेश कुमार,धीरेंद्र कुमार ,अरविंद सोनकर , सब्बर अली, रिंकू वकील साहब,अनूप केसरवानी,बलराम साहू ,चंद्रदेव वर्मा आदि हजारों की संख्या में मौजूद रहे।

### खेत में बकरी जाने पर बच्चे को पीटा

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नाऊवापुर गांव का नितिन पास के गांव लोहरा के पास बकरी चारा रहा था नितिन की बकरी लोहरा के रहने वाले असलम के खेत में चली गई इतनी सी बात को लेकर असलम ने बच्चे का कान पकड़कर उठाकर जमीन में पटककर लात घूसों से पीट दिया है उसने कहा कि खेत के पास दोबारा दिखा तो जान से मारकर फेक दूंगा पिटाई से डरा सहमा वह घर आया और अपनी मां को आपबीती बताई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# एक तरफ पराली जलाने पर रोक वहीं दूसरी तरफ चल रहे हैं हार्वेस्टर मशीन

अखंड भारत संदेश

**खुले आसमान के नीचे पराली छोड़ दी जाए तो यह दुर्गन्ध उत्पन्न करती है कीटाणु जन्म लेते हैं जो बीमारी का कारण बनते हैं**

**दिल्ली की बढ़ती आबादी के बीच वायु प्रदूषण की चिंता को लेकर गांव के किसानों के पराली जलाने पर हो रहा शोषण कहां तक न्यायोचित**



**कौशाम्बी।** सरकार के दोहरे नीति से किसानों की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं एक तरफ पराली जलने पर रोक लगाई गई है पराली जलने वाले किसानों पर जुमार्ना मुकदमा तक का नियम बनाकर किसानों का जमकर उत्पीड़न किया जा रहा है जुमार्ना के बहाने किसानों की जेब खाली की जा रही है दिल्ली के वायु प्रदूषण की चिंता को लेकर गांव के किसानों का शोषण शुरू हो गया है दिल्ली की बढ़ती आबादी के बीच प्रदूषण होना स्वाभाविक है वहाँ के प्रदूषण को सरकार नहीं रोक पा रही है लेकिन गांव के किसानों के पराली जलाने से प्रदूषण को गंभीर अपराध मान रही है लेकिन खुले आसमान के नीचे गांव ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसानों के सामने प्रदूषण की समस्या नहीं है लेकिन दिल्ली के प्रदूषण को दूर करने के लिए गांव के किसानों के पराली जलाने पर रोक लगाकर किसानों का जबरदस्त उत्पीड़न सरकार द्वारा किया गया है जिससे गांव-गांव किसानों में जबरदस्त आक्रोश जताया है लेकिन सरकार के दोहरे नीति के आगे कौन जवाब देगा सरकारी नियमों की अंधेर गर्दी तो तब हो गई जब हार्वेस्टर मशीन से काटे गए धान की पराली को जलाना किसानों की मजबूरी है हार्वेस्टर मशीन पर सरकार रोक नहीं लगा पा रही है बेखौफ तरीके से धान की कटाई में हार्वेस्टर मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है जिससे पराली तैयार हो रही है अब इन पराली का किसान क्या करें कहां ले जाए इनका उपयोग कैसे हो पराली खुले आसमान के नीचे छोड़ दी जाए तो यह दुर्गन्ध उत्पन्न करती है कीटाणु जन्म लेते हैं जो बीमारी का कारण बनते हैं और इन बीमारियों से किसानों की मौत हो रही है लेकिन सरकार ने इस और ध्यान नहीं दिया है इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है किसानों के पराली जलाने का नियम बनाने वाले अधिकारियों को किसानों की वास्तविकता की जानकारी नहीं है वास्तविकता की जानकारी के बगैर कानून बनाना कहां का न्याय संगत है लेकिन देश में इस समय वही चल रहा है कि जो हम कहें वही सही बाकी सब गलत है। अंधेर गर्दी की हद तो तब हो गई जब हार्वेस्टर मशीन से धान की कटाई का उद्घाटन कराकर अधिकारी फोटो खिंचवाकर वाहवाही लूट रहे हैं बिना एसएमएस के कौशांबी में दर्जनों हार्वेस्टर मशीन धान की कटाई कर रही है पूरे प्रदेश में तो हार्वेस्टर मशीन की गिनती करना ही मुश्किल होगा एक तरफ पराली जलाने पर रोक दूसरी तरफ बिना एसएमएस के हार्वेस्टर मशीन चल रही है किसान क्या करें कृषि अधिकारी और क्षेत्रीय पुलिस को कुछ दे कर बिना एसएमएस की हार्वेस्टर मशीन धान कटाई में लगी हुई है जो गंभीर चिंता का विषय है गैर प्रांत से आने वाले हार्वेस्टर मशीन किसके दम पर चलाई जा रही हैं जन-जन की जुबान में है हार्वेस्टर मशीनों की जांच कर इन पर कार्यवाही करने का प्रयास अभी तक तहसील से लेकर थाना पुलिस कृषि विभाग तक ने नहीं किया है किसानों पर जुमार्ना वसूलने वाले कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी हार्वेस्टर मशीन के संचालक पर कार्रवाई करने की कोशिश नहीं की है जिससे अधिकारियों के निष्पक्ष कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के सिराथू रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई हैद्ध जानकारी के मुताबिक जितेंद्र कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र रामकिशोर सिंह निवासी देवरी पोस्ट गोराजू थाना पश्चिम शरीरा की शनिवार को ट्रेन हादसे में दुखद मृत्यु हो गई सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया वहीं पिता रामकिशोर सिंह के अनुसार युवक घर से दिल्ली जाने को कह कर शनिवार की सुबह निकला था युवक की 5 दिसंबर को तिलक एवम 9 दिसंबर को शादी तय थी ट्रेन हादसे से मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

### अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या परिजनो में कोहराम

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में ट्रेन के आगे कूदकर अधेड़ ने आत्महत्या कर लिया है घटना की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त में जुटी हुई थी तो पता चला कि मृतक कोखराज थाना क्षेत्र के सुहेला का रहने वाला था,पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया और वह रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर के पास शनिवार को एक अधेड़ का रेलवे लाइन पर क्षत विक्षत शव मिलने की सूचना पर रेलवे की जीआरपी पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली,सोशल मीडिया में घटना की फोटो वायरल हुई तो मृतक की शिनाख्त कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव के सोमवारे लाल पुत्र राम भजन के रूप में हुई |पुलिस की सूचना पहुंचने पर परिजनों में शव की पहचान की। बताया जा रहा है कि सोमवारे लाल नशे का आदी था और आए दिन अपनी पत्नी और बच्चों से लड़ाई झगड़ा करता रहता था,शनिवार को भी वह पत्नी से झगड़ा कर नशे की धुन में भरवारी आ गया और बिदनपुर की तरफ चला गया परिवार के मुताबिक ट्रेन के आगे कूदकर उसने आत्महत्या कर लिया है मौके उपस्थित ना रहने वाले परिजन चश्मदीद गवाह की तरह बात कर रहे हैं अधेड़ की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है।

# न्यायमूर्ति हाई कोर्ट डॉक्टर गौतम चौधरी के कर कमलों द्वारा विजेता बैडमिंटन खिलाड़ियों को ट्रॉफी से किया गया सम्मानित





अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** सीबीएसई ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप के समापन समारोह में माननीय न्यायमूर्ति डॉक्टर गौतम चौधरी और संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूआत की कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम शुभारंभ हुआ और कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों ने एक शानदार आगाज के साथ इस समापन समारोह समापन समारोह कार्यक्रम को आगे बढ़ाया आगे की सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य तौर पर राजस्थानी नृत्य ,राधा कृष्ण का होली कार्यक्रम, बॉलीवुड डांस देशभक्ति से परिपूर्ण एक्ट आदि कार्यक्रमों ने मंच के माध्यम से बच्चों ने मन मोह लिया और पुरस्कार वितरण के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

**विजेताओं की घोषणा की गई**

अंडर- 14 में श्री राम कॉन्टिनेंटल स्कूल दयालबाग आगरा की टीम विजेता रही जिसमें विजेता खिलाड़ियों के नाम शुभम सोलंकी, पंकज,विवान, विजय और रोबिन कुमार रहे और रनर टीम की विजेता इलाहाबाद पब्लिक स्कूल सूबेदारगंज प्रयागराज रही जिसके मुख्य खिलाड़ी प्रतीक सिंह, आर्यन और मोहम्मद यासिर रहे वही सेकंड रनर में सनबीम इंग्लिश स्कूल वाराणसी रहा जिसके मुख्य खिलाड़ी सार्थक चौधरी ,अवनीश वर्मा, शुभम राय और प्रेम राज वर्मा रहे.... प्रथम विजेता टीम को गोल्ड मेडल, रनर टीम को सिल्वर मेडल और सेकंड रनर टीम को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। अंडर-17 में सनबीम सनसिटी वाराणसी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और उसे गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया इसके मुख्य खिलाड़ी कुमार रवि भूषण ,सुमित तिवारी ,दिव्यांशु सिंह और वैश्विक राज सिंह थे वही कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल अलीगढ़ को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ और रनर टीम में रही और सेकंड रनर टीम में अर्णव दुबे आयुष यादव, अर्जुन दीक्षित और प्रणय कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ अंडर-19 में प्रथम स्थान सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल लखनऊ को प्राप्त हुआ जिसके मुख्य खिलाड़ी आदित्य सिंह और आभास श्रीवास्तव रहे उन्हें गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ ,द्वितीय स्थान सनबीम सनसिटी वाराणसी को प्राप्त हुआ जिसके मुख्य खिलाड़ी मोहित कुमार पांडे ,सुधांशु शेखर राय, अंकुर सिंह और शिवम कुमार पटेल रहे और इन्हें सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ वही सेकंड रनर में सुमित , धैर्य गुप्ता, संदर्भ ,आग्रह अग्रवाल सेकंड रनर में रहे जिन्हें ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। बेस्ट प्लेयर अंडर-14 मास्टर पंकज राम स्कूल दयालबाग आगरा, बेस्ट प्लेयर अंडर -17 वीर राज सिंह सनबीम सनसिटी वाराणसी ,बेस्ट प्लेयर अंडर-19 शिवम कुमार पटेल सनबीम सिटी वाराणसी, बेस्ट प्लेयर अंडर-14 मास्टर अविरल मिश्रा मां गायत्री मेमोरियल कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज, बेस्ट प्लेयर अंडर 17 मास्टर निशि रंजन मां गायत्री मेमोरियल प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज , बेस्ट प्लेयर अंडर-19 मास्टर ऋषभ पवार मां गायत्री मेमोरियल कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल और यंग प्लेयर ऑफ ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप 23- 24 मास्टर राघव सोलंकी गायत्री पब्लिक स्कूल आगरा को प्राप्त हुआ।

न्यायमूर्ति डॉक्टर गौतम चौधरी ने बच्चों की प्रदर्शन को देखकर के उनकी भूरी भूरी प्रशंसा किया और अपने संदेश में कहा कि आज हमारा कौशांबी जिला शिक्षा के अंधकार से प्रकाश की ओर जाता दिख रहा है आज कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल जैसे कॉलेज ने इस शिक्षा के अंधकार को मिटा दिया है आज कौशांबी में भी शिक्षाविद कुशल खिलाड़ियों का एक कुंभ दिखाई दे रहा है मैं संस्थान के अध्यक्ष संजय गुप्ता को धन्यवाद देता हूं क्योंकि उन्होंने कौशांबी जिले में इस तरह के संस्थान स्थापित करके कौशांबी जिले को शिक्षा का मंदिर प्रदान किया है उन्होंने कहा कि कुछ कर गुजरने की ज़िद किसी भी मनुष्य को आगे बढ़ा देती है आज समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका बड़ी है और समाज को महिलाओं के उत्थान के लिए सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। संस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे को है और मेरा पूरा प्रयास है कि हर घर में शिक्षा का दिया जले रिद्धि सिद्धि स्पोर्ट्स कंपलेक्स की स्थापना का मेरा उद्देश्य बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक विकास भी अनवरत होता रहे और शिक्षा का प्रचार प्रसार होता रहे संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया इन तीन दिवसीय कार्यक्रम में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को धन्यवाद ज्ञापित किया इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सपना गुप्ता केपीएस फाउंडर देव बाबू गुप्ता हृदयकार्णिका पुत्रियां रिद्धि और सिद्धि संस्थान की गार्जियन प्रेमचंद गुप्ता रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा पार्षद सूरज यादव सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सहित नगर के पीतांबर लाल,सुभाष गुप्ता,रमेश अग्रहरी,पार्षद शंकर लाल,पार्षद सूरज यादव,अशोक केशरवानी सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दबंग ने बेच लिया ग्राम समाज की वेशकीमती जमीन

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड नंबर 19 रत्नावलीपुरम के बभनपुरा गांव में दो दशक पूर्व में ग्राम प्रधान द्वारा आराजी संख्या 56 में कुछ आवासीय पट्टा दिया गया था और बाकी आराजी संख्या 56 में ग्राम समाज की जमीन खाली पड़ी थी जिसमें कुछ लोगों ने पेड़ लगा दिया था लेकिन पेड़ सूख गया जिसे बेच लिया गया है पेड़ की जमीन का लोगों ने विक्रय कर दिया और रकम वसूल कर रख लिया है हालांकि बिक्रय की लिखा पड़ी तहसील के कार्यालय में नहीं हुई है लेकिन सरकारी जमीन का हस्तांतरण हो चुका है और अब मकान का निर्माण और नलकूप को बोरिंग हो रही है बंजर जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में कई बार लड़ाई झगड़ा भी हुआ है मामला थाना पहुंचा है लेकिन उसके बाद भी लेखपाल ने बंजर जमीन पर अवैध कब्जे पर रोक नहीं लगाई है सरकारी जमीन पर कब्जा के मामले में लेखपाल की भूमिका सवालों में है और लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए लेखपाल पर कार्यवाही किए जाने की मांग और बंजर जमीन पर कब्जा किए जाने वाले लोगों पर भी कार्यवाही की मांग कर बंजर जमीन खाली कराए जाने की मांग की है।

# किसी भी अन्जान नम्बर से विडियो काल आने पर रिसिव ना करें

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा बढते हुए साइबर क्राइम अपराध से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल,काँलेजो व अन्य सार्वजनिक स्थानों में साइबर अपराध से जागरूक करने हेतु निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में 11 अक्टूबर को थाना सैनी क्षेत्र अन्तर्गत स्थित एसएबी इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइबर क्राइम सेल टीम व थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में बताया व जागरूक किया गया। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही साईबर हेल्प लाईन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई, जिस पर तत्काल कॉल वा वेबसाईट में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिससे आमजनमानस साइबर फ्रॉड से बच सके कार्यशाला में बताया गया कि प्रलोभन में आने के चलते लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई खो बैठते हैं इसलिए किसी भी प्रलोभन में न आएं उन्होंने बैंक से संबंधित, क्यूआर कोड स्कैन, वाट्सएप हैक, ओएलएक्स के माध्यम से ठगी, केवाइसी, हनी ट्रेपिंग, डुप्लीकेट एप, आनलाइन लोन स्कैम, केबीसी, इंटरनेट मीडिया से ठगी, एटीएम, सेक्सटार्शन, कंप्यूटर संबंधी फ्राड और बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी व साइबर ठगी होने पर 1930 पर सूचना देने की अपील की गयी आज के दौर में सबसे ज्यादा हो रहे सेक्सटार्शन व न्यूड काल ब्लैकमेल गैंग के सदस्य फेसबुक पर खूबसूरत लड़की की फोटो लगाकर रखते हैं सबसे पहले फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं फ्रेंड लिस्ट में शामिल होते ही चैटिंग करना शुरू कर देते हैं। इसके बाद बातों में फंसाकर वाट्सएप नंबर मांगते हैं वीडियो काल से बात करने को कहते हैं काल करने पर जैसे ही दूसरी तरफ से काल रिसीव होता है सामने न्यूड गर्ल दिखाई देने लगती हैं। इस दौरान काल करने वाले का वीडियो रिकार्ड कर लिया जाता है इसके बाद ब्लैकमेल कर राशि मांगने का खेल शुरू हो जाता है जब तक हम कुछ समझ पाते है तब तक विडियो स्क्रिन रिकार्ड कर लेते है ऐसे में किसी भी अन्जान नम्बर से विडियो काल आने पर रिसिव ना करें, रिसिव भी करना हो तो कैमेरे पर अंगूठा रख दे ।

**मिशन साइबर अपराध मुक्त**



# पानी की टंकी के निर्माण के लिए सुरक्षित जमीन पर दबंग जबरिया कर रहे कब्जा

अखंड भारत संदेश

**सरकारी जमीन सुरक्षित करने का प्रयास करने वाले ग्राम प्रधान और उसके परिवार की जिंदगी खतरे में पड़ गई**

**ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से शिकायत कर अवैध कब्जा धारकों पर कार्यवाही की मांग की**

**चायल कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायत में सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं है राजस्व कर्मी और थाना पुलिस की साठगांठ से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे हो रहे हैं तमाम जमीनों पर पहले भी कब्जे हो चुके हैं तमाम मामले अदालत पर लंबित है कार्यवाही के नाम पर केवल ढिंढोरा पीटा जा रहा है कब्जा करने वाले लोगो को संरक्षण देने वाले थाना पुलिस और राजस्व कर्मियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे कौशांबी की सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं रह गई है प्रत्येक गांव की तमाम सरकारी भूमि पर कब्जा है रोज अधिकारियों की चौखट पर शिकायत पहुंचती है लेकिन सरकारी जमीन को सुरक्षित करने के प्रति अधिकारियों ने अभी तक कठोर कार्रवाई नहीं की है बल्कि जिसने भी सरकारी जमीन सुरक्षा करने के लिए आवाज बुलंद की उस पर ही कार्यवाही शुरू हो जाती है उसकी आवाज दबाने का प्रयास होता है शासन को झूठी सूचना भेज कर सरकारी जमीन सुरक्षित होने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के दरियापुर ग्राम पंचायत का है। दरियापुर ग्राम पंचायत के सरकारी भूमि आराजी संख्या 419 पानी टंकी निर्माण के लिए सुरक्षित की गई है पानी टंकी निर्माण की सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी है और जल्दी ही पानी टंकी का निर्माण शुरू होगा लेकिन इसी बीच गांव के दबंग की नियत खराब हुई और उन्होंने पानी टंकी के निर्माण के लिए सुरक्षित सरकारी जमीन पर कब्जा शुरू कर दिया सरकारी जमीन पर कब्जे का जब ग्राम प्रधान ने विरोध किया अधिकारियों से शिकायत करना शुरू कर दिया तो दबंगो ने ग्राम प्रधान और उसके पिता की हत्या करने की धमकी दे दी है सरकारी जमीन सुरक्षित करने का प्रयास करने वाले ग्राम प्रधान और उसके परिवार की जिंदगी खतरे में पड़ गई है लेकिन उसके बाद भी सरकारी जमीन सुरक्षित करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं है छोटी-छोटी बातों में बड़ी-बड़ी कार्यवाही करने की बात करने वाले अधिकारी सरकारी जमीन सुरक्षा के मामले में इतने लापरवाह कैसे हो गए हैं यह बड़ी जाच का विषय है और यदि इस मामले में योगी सरकार ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो तमाम अधिकारियों पर बड़ी कार्यवाही होना तय हैं दरियापुर ग्राम पंचायत की जमीन में भी इसी तरह का मामला सामने आ रहा है सरकारी जमीन कब्जा करने वाले दबंग लोगों से राजस्व कर्मी और थाना पुलिस की साठगांठ उजागर होना तय है।

## नगर पालिका की बेशकीमती भूमि पर भूमाफिया ने किया कब्जा

**कौशाम्बी।** योगी सरकार ने अपने आदेश में साफ कहा है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं को किसी भी कीमत पर प्रशासन द्वारा बक्शा न जाए , कोई भी भूमाफिया छूटना नहीं चाहिए लगातार जमीनी विवाद को लेकर हत्याएं भी हो रही हैं और अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के घरों में योगी सरकार का बुल्डोजर भी चल रहा है लेकिन फिर भी भूमाफिया सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके अपना आलीशान मकान बना रहे हैं नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारियों के आखों में धूल झोककर एक व्यक्ति दबंगई के बल पर अवैध कब्जा करके करोड़पति बनने का सपना देख रहा है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर के एज व्यक्ति ने एसडीएम मंझनपुर को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि एक दबंग किस्म का व्यक्ति नथन सिंह पुत्र शिवप्रसाद ने राजस्व ग्राम पाता ,परगना करारी तहसील मंझनपुर की आराजी संख्या 2353 जो सरकारी भूमि नगर पालिका परिषद मंझनपुर की भूमि है जिस भूमि में पहले ग्रामवासी खलिहान रखते थे यह सार्वजनिक प्रयोजन की बेशकीमती भूमि प्राथमिक विद्यालय पाता से जुड़ी है इस समय यह भूमि करोड़ों रुपए से ज्यादा की कीमत की भूमि है जिस भूमि पर शोरे पुश्ती व दबंगई के बल पर भूमाफिया नथन सिंह पुत्र शिवप्रसाद निवासी डूडीबाग मजरा पाता थाना मंझनपुर चारों तरफ ईंट रखकर फुलवाड़ी लगाकर तथा एक कमरा बनवाकर अवैध कब्जा कर लिया है व्यक्ति ने अपने शिकायती में बताया है कि उक्त व्यक्ति एक दबंग है जिसमें राजस्वकर्मी भी असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं। उसने यह भी बताया कि यह भूमाफिया दबंग डूडीबाग और नयापुरवा की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए है इस दबंग व्यक्ति का आतंक गांव व क्षेत्र में व्याप्त है यह एक मनबढ़ अपराधी है जो कई बार जेल भी जा चुका है। व्यक्ति ने मंझनपुर एसडीएम आकाश सिंह से भूमाफिया दबंग के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाते हुए लोक संपत्ति को अवैध कब्जे से युक्त सरकारी भूमि को मुक्त करवाने की मांग की है।

## संपादकीय

### भूपेश बघेल की बढ़ती चुनौतियों में भाजपा से ज्यादा जांच एजेंसियां

छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पहली ऐसी कांग्रेस सरकार है जिसने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है। इस सरकार का कार्यकाल भले पूरा हो गया हो, मगर चुनौतियां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने अब भी कम नहीं हुई हैं। एक तरफ जहां उनके सामने विरोधी दल भाजपा चुनौती बनकर खड़ा है तो दूसरी ओर कांग्रेस के भीतर से भी उन्हें चुनौतियां मिल रही हैं। राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों की अभी पहली सूची आई है, जिसमें 30 उम्मीदवारों के नाम हैं। बाकी सीटों पर अभी ऐलान होना बाकी है। कांग्रेस के भीतर दावेदारों में व्याकुलता है, तो वहीं भाजपा लगातार बघेल पर हमलावर है। मतांतर से लेकर हिंदुत्व ऐसे मुद्दे हैं जिनके जरिए भाजपा बघेल को घेरने की कोशिश में लगी है। वहीं कांग्रेस के अंदर भी बघेल के खिलाफ स्वर उठते रहे हैं। ये वो लोग हैं जिनके टिकट कटने की आशंका सता रही है। राज्य में भाजपा ने भूपेश बघेल पर कई आरोप लगाए है, शराब घोटाला, रेत घोटाला, कोयला घोटाला, गोबर खरीदी और गोठान योजना में बड़े पैमाने पर घोटाले होने की आरोप लगाए हैं। साथ ही आदिवासी इलाकों में भाजपा हिंदुत्व और मत्तांतरण को बड़ा मुद्दा बनाकर चल रही है। भाजपा ने हिंदुत्व, मतांतरण, लव जेहाद जैसे मुद्दों पर भूपेश बघेल सरकार पर हमले बोले हैं और उनकी हिंदू विरोधी छवि बनाने की कोशिश की है। वहीं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में घोटाले किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ये ऐसे मामले हैं जो कांग्रेस और भूपेश बघेल के लिए चुनौती बने हुए हैं। इतना ही नहीं केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाली है। कई नेताओं और अधिकारियों के यहां दी गई दबिश में करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं, साथ ही गिरफ्तारियां भी हुई हैं। इन्हीं मामलों को लेकर भाजपा भ्रष्टाचार के सरकार पर खुले तौर पर आरोप लगा रही है। एक तरफ जहां भाजपा पूरी तरह भूपेश बघेल पर हमलावर है, वहीं कांग्रेस के अंदर भी कई नेता ऐसे हैं जो भूपेश बघेल के लिए चुनौती देने की तैयारी में हैं। पिछले दिनों मंत्रिमंडल में हुए बदलाव के बाद भी उनके खिलाफ विरोध के स्वर उठे, मगर बाद में उन्हें शांत कर दिया गया। इसी तरह कई विधायकों के टिकट कटने की बात सामने आ रही है और इसी को लेकर कई दावेदार मोर्चा खोलने का मन बना रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो भूपेश बघेल के सामने एक तरफ जहां भाजपा बड़ी चुनौती बन रहा है तो वहीं पार्टी के भीतर भी असंतोष की आशंका है और यह आशंका तब तक है जब तक पार्टी की ओर से उम्मीदवार तय नहीं हो जाते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भूपेश बघेल बघेल ने जमीनी स्तर पर जमावट बेहतर कर रखी है और विधायकों से उनकी नजदीकियां भी हैं।

साथ ही राज्य के हर हिस्से से भी वाकिफ हैं। उन्होंने भेंट मुलाकात के जरिए राज्य की सभी विधानसभा सीटों का दौरा किया, राजनीतिक आकलन किया और वहां के विधायक की स्थिति का भी विवरण तैयार किया। लिहाजा पार्टी के भीतर अगर टिकट काटने पर विधायक बगावत भी करते हैं तो बघेल के पास वैकल्पिक इंतजाम खूब हैं। भाजपा के हमले हो रहे हैं, मगर उनका ज्यादा असर नहीं है। आने वाले दिनों में तय होगा कि बघेल के सामने बड़ी चुनौती क्या बनती है। हां अगर केंद्रीय जांच एजेंसी की सक्रियता बढ़ती है तो वह बड़ी चुनौती के साथ मुसीबत भी बन सकती है ।

# खाने की बर्बादी बनाम भूख से मुठभेड़

**अरविंद जयतिलक**



**यह कितना** विडंबनापूर्ण है कि हर वर्ष करोड़ों टन खाने की बबार्दी हो रही है वहीं दुनिया में दाने-दाने के लिए मोहताज लोगों की तादाद बढ़ रही है। हाल ही में सयुक्त राष्ट्र की द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2022 रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ है कि दुनिया के 73.5 लोग भुखमरी के शिकार हैं। जबकि 2019 में यह संख्य 61.8 करोड़ थी। यानी गौर करें तो महज तीन साल में 12.2 करोड़ लोग बढ़ गए जिन्हें एक वक्त का खाना नसीब नहीं हुआ। 2022 में दुनिया की 11.3 फीसदी अर्थात 90 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिला। दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की 2022 की ही रिपोर्ट पर गौर करें तो दुनिया भर में अनुमानित रुप से 93.10 करोड़ टन खाना बर्बाद हुआ जो वैश्विक स्तर पर कुल खाने का 17 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक इसका 61 फीसदी हिस्सा घरों से, 26 फीसदी खाद्य सेवाओं व 13 ी खुदरा जगहों से बर्बाद हुआ है। यानी इस तरह दुनिया में सालाना प्रति व्यक्ति 121 किलो खाना बर्बाद हुआ। बर्बाद होने वाले खाने को तौलें तो यह 40-40 टन वाले 2.3 करोड़ ट्रकों में समाएगा जो कि पूरी पृथ्वी का सात बार चक्कर लगाने के लिए पर्याप्त है। खाने की बबार्दी के मामले में पहला स्थान चीन का जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। खाने की यह बबार्दी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनिया भर के 73.5 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हैं और 300 करोड़ लोगों को सेतहमंद भोजन नहीं मिल पाता वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भी भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 फीसदी भाग जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर साल उतना भोजन बर्बाद होता है जितना ब्रिटेन उपभोग करता है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 2015-16 में कुल अनाज उत्पादन 25.22 करोड़ टन था। यानी यह 1950-51 के पांच करोड़ टन से पांच गुना ज्यादा है। लेकिन इसके बावजूद यह अन्न लोगों की भूख नहीं मिटा पा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह उत्पादित देश की आबादी के लिए कम है। लेकिन अन्न की बबार्दी के कारण करोड़ों लोगों को भूखे पेट रहना पड़ रहा है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना हजारों बच्चों की जान जाती है। वैश्विक भूख सूचकांक-2023 के मुताबिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत दुनिया के 125 देशों में 111 वें स्थान पर है। रिपोर्ट के कहा गया है कि चाइल्ड वेस्टिंग की दर सबसे अधिक 18.7 फीसदी है जो अतिकुपोषित को इंगित करता है। हालांकि भारत सरकार ने इस सूचकांक को खारिज करते हुए इसे त्रुटिपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण मंशा से जारी किया गया करार दिया है। यहां ध्यान देना होगा कि बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है। इसके अलावा बर्बाद हो रहे भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है। बर्बाद हो रहे भोजन से जलवायु प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है। उसी का नतीजा है कि खाद्यान्नों में प्रोटीन और आयरन की मात्रा लगातार कम हो रही है। खाद्य वैज्ञानिकों का कहना है कि कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन की अधिकता से भोजन से पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण चावल, गेहूं, जौ जैसे प्रमुख खाद्यान में प्रोटीन की कमी होने लगी है। आंकड़ों के मुताबिक चावल में 7.6 प्रतिशत, जौ में 14.1 प्रतिशत, गेहूं में 7.8 प्रतिशत और आलू में 6.4 प्रतिशत प्रोटीन की कमी दर्ज की गयी है। अगर कार्बन उत्सर्जन की यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर में 15 करोड़ लोग इस नई वजह के चलते प्रोटीन की कमी का शिकार हो जाएंगे। यह दावा हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। यह शोध एनवायरमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव जर्नल में प्रकाशित हुआ। एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक भारतीयों के प्रमुख खुराक से 5.3 प्रतिशत प्रोटीन गायब हो जाएगा। इस कारण 5.3 करोड़ भारतीय प्रोटीन की कमी से जूझेंगे। गौरतलब है कि प्रोटीन की कमी होने पर शरीर की कोशिकाएं उतकों से उर्जा प्रदान करने लगती हैं। चूंकि कोशिकाओं में प्रोटीन भी नहीं बनता है लिहाजा इससे उतक नष्ट होने लगते हैं। इसके परिणामस्वरुप व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है और उसका शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। अगर भोज्य पदार्थों में प्रोटीन की मात्रा में कमी आयी तो भारत के अलावा उप सहारा अफ्रीका के देशों के लिए भी यह स्थिति भयावह होगी। इसलिए और भी कि यहां लोग पहले से ही प्रोटीन की कमी और कुपोषण से जूझ रहे हैं। बढ़ते कार्बन डाई आक्साइड के प्रभाव से सिर्फ प्रोटीन ही नहीं आयरन कमी की समस्या भी बढ़ेगी। दक्षिण एशिया एवं उत्तर अफ्रीका समेत दुनिया भर में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.4 करोड़ बच्चों और 1.06 महिलाओं के इस खतरे से ग्रस्त होने की संभावनाएं हैं। इसके कारण उनके भोजन में 3.8 प्रतिशत आयरन कम हो जाएगा। फिर एनीमिया से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। प्रोटीन की कमी से कई तरह की बीमारियों का खतरा उत्पन हो गया है। अभी गत वर्ष ही इफको की रिपोर्ट में कहा गया कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। कुछ इसी तरह की चिंता ग्लोबर हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट में भी जताया गया है। हालांकि यूनाइटेड नेशन के फूड एग्रीकल्चर आगेर्नाइजेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के कारण अब भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या में तेजी से कमी हुई है जिससे कुपोषण का संकट घटा है। यहां ध्यान देना होगा कि दुनिया भर में सालाना जितना अन्न की वैश्विक बबार्दी हो रही है उसकी कीमत तकरीबन 1000 अरब डॉलर है। दुनिया भर में अन्न की बबार्दी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यदि कुल बर्बाद भोजन को 20 घनमीटर आयतन वाले किसी कंटेनर में एक के बाद एक करके रखें और ऊंचाई में बढ़ाते जाएं तो 1.6 अरब टन भोजन से चांद तक जाकर आया जा सकता है। आंकड़ों के मुताबिक विकसित देशों में अन्न की बबार्दी के कारण 680 अरब डॉलर और विकासशील देशों में 310 अबर डॉलर का नुकसान हो रहा है। ध्यान देने वाली बात यह कि अमीर देश भोजन के सदुपयोग के मामले में सबसे ज्यादा संवेदनहीन और लापरवाह हैं। इन देशों में सालाना 22 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। जबकि उप सहारा अफ्रीका में सालाना कुल 23 करोड़ टन अनाज पैदा किया जाता है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की ही बात करें तो यहां जितना अन्न खाया जाता है उससे कहीं अधिक बर्बाद होता है। आंकड़ों के मुताबिक केवल खुदरा कारोबारियों और उपभोक्ताओं के स्तर पर अमेरिका में हर साल 6 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। अगर भारत की बात करें तो देश में 2014 में किराना व्यापार 500 अरब डॉलर का था जो 2023 तक बढ़कर 950 अरब डॉलर होने की संभावना है। ऐसे में आवश्यक है कि इस उद्योग में खाद्य पदार्थों को एकत्र करने, स्टोर करने और एक से दूसरी जगह भेजने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल हो। अगर ऐसा हुआ तो निःसंदेह खाने की बबार्दी रुकेगी और भूख से तड़पते लोगों की तादाद घटेगी।

# महिला श्रम की सराहना है गोल्डिन को नोबेल

**प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थ**शास्त्र का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार मिलना एक तरह से दुनिया की आधी आबादी के नजरंदाज कर दिये गये श्रम को सराहना व पुरस्कृत करना है। अमेरिका की गोल्डिन की विश्व भर में आर्थिक इतिहासकार व श्रम अर्थशास्त्री के रूप में बहुत प्रतिष्ठा है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर गोल्डिन ने पिछली लगभग दो सदियों के आंकड़ों के अध्ययन के आधार पर उन कारणों का पता किया है जिनके चलते श्रम के मामले में महिलाएं पक्षपात का शिकार बनी हैं। उन्होंने बतलाया है कि विभिन्न कारणों से महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम पारिश्रमिक मिलता है। वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व चिंताजनक रूप से अल्प है। उनका अध्ययन यह भी बतलाता है कि कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदलता चला गया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाने वाला यह पुरस्कार अब तक 92 अर्थशास्त्रियों को मिला है। गोल्डिन के पहले तक केवल दो महिलाएं ही यह पुरस्कार पा सकी हैं। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस ने उनके बारे में कहा है कि- 'आर्थिक इतिहासकार और श्रम अर्थशास्त्री के रूप में गोल्डिन के शोध में महिला श्रम शक्ति, कमाई में जेंडर गैप, तकनीकी परिवर्तन, शिक्षा और आव्रजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। उनके अधिकांश शोध अतीत के दृष्टिकोण से वर्तमान की व्याख्या करते हैं और चिंता के वर्तमान मुद्दों की उत्पत्ति की पड़ताल करते हैं। उनकी सबसे हालिया पुस्तक 'कैरियर एंड फैमिलीः महिलाओं की शताब्दी' समानता की ओर लंबी यात्रा है।' नोबेल समिति ने पुरस्कार की घोषणा के दौरान कहा कि- 'गोल्डिन ने अपने शोध से सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार के परिणामों का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से नए पैटर्न का पता चलता है, परिवर्तन के कारणों की पहचान होती है और जेंडर गैप के बारे में भी जानकारी मिलती है।' बेशक, गोल्डिन महिला श्रम के बारे में 200 वर्षों के डेटा के आधार पर



जो सच्चाइयां अपने निष्कर्षों के रूप में सामने लाई हैं, वे और भी कई सदियां पुरानी हैं और आज भी नंगी आंखों से देखकर ही यकीन करने के काबिल हैं। आधुनिकता और समानता पर आधारित लोकतांत्रिक प्रणाली ज्यादातर देशों में चलन में आ जाने के बावजूद आज भी यह एक ठोस वास्तविकता है कि महिलाएं श्रम और मेहनताने दोनों ही मामलों में भारी भेदभाव की शिकार हैं। प्रकारांतर से चाहे अविकसित देश हों या विकासशील या विकसित, तीनों ही तरह की परिस्थितियां किसी न किसी तरीके से उन्हें उनके हक का पारिश्रमिक लेने से वंचित करती हैं। जब वे काम करती हैं तो इस भेदभाव का शिकार तो होती ही हैं, काम न मिलने या छूट जाने जैसी स्थितियों में भी उनके हिस्से में पुरुषों के मुकाबले अधिक दुश्वारियां आती हैं। काम देते वक्त वे नियोक्ता की आखिरी पसंद होती हैं तो काम के दौरान वेतन, भत्ते, छुट्टी के मामलों में उनके साथ गैरबराबरी पूर्ण व्यवहार होता है। इतना ही नहीं, काम से हटाने या छंटनी के समय वे पहली पसंद बन जाती हैं।

भारत सहित तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों- एशिया, अफ्रीका एवं लातिनी अमेरिका में गोल्डिन के निष्कर्ष बहुत मुखर और स्पष्ट होकर सामने आते हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की बेरोजगारी दर कहीं अधिक है। उन्हें पहले से ही अर्द्ध कुशल या अकुशल मानकर उन्हें समान काम के लिये भी कम वेतन दिया जाता है। भारत सहित जहां भी पितृसत्तात्मक व सामंती सामाजिक व्यवस्था है, वहां कामकाजी महिलाएं उपहास व आलोचना की पात्र बनकर रह जाती हैं। बड़ी संख्या में पढ़ी-लिखी महिलाओं का जीवन घरू काम करते हुए गुजर जाता है। पहले से ही माना जाता है कि उनके जीवन की सार्थकता ब्याह के बाद पति व ससुराल वालों की सेवा-टहल और बच्चों की परवरिश करने में हैं। यह किसी एक धर्म की बात नहीं है। अधिकतर सम्प्रदायों व समुदायों की महिलाओं के बाबत यही यथार्थ है। बड़ी संख्या में लोगों की यह भी मान्यता है कि महिलाएं मौज-मस्ती या अपने फैशन के खर्चे पूरे करने के लिये काम करने घरों से निकलती हैं। हाल ही में भारत के सन्दर्भ में ये आंकड़े सामने आये थे कि 2018-19 से 2022-23 के बीच जितने लोगों ने नियमित नौकरियां खोईं, उनमें ज्यादातर महिलाएं थीं।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने पक्की नौकरियां खोई हैं। इनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। इनमें 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। कामकाजी महिलाओं का औसत बेहद चिंतनीय है और उनके सशक्तिकरण के ठोस उपाय करने में ज्यादातर अविकसित व विकासशील देशों की कोई भी अर्थप्रणाली नाकाम साबित हुई है।

पश्चिमी देशों में स्थिति फिर भी काफी ठीक है लेकिन वैश्विक जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तीसरी दुनिया में बसता है, महिलाओं के सन्दर्भ में गोल्डिन के शोध बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जब तक आधी आबादी के लिये आर्थिक दृष्टिकोण से समानतापूर्ण वातावरण नहीं बनाया जाता, विकास का लक्ष्य पहुंच से बाहर ही रहेगा। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के प्रेसिडेंट जैकब स्वेन्सन ने सच ही कहा है कि- 'श्रम बाजार में महिलाओं की भूमिका को समझना समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

गोल्डिन के शोध से वे बाधाओं को दूर हो सकेंगी जिनका आज महिलाएं सामना कर रही हैं।' गोल्डिन को नोबेल देना विकास में भागीदारी निभाती महिलाओं को पुरस्कृत करने जैसा है।

## अब अरुंधति रॉय के खिलाफ मामला

**13** साल पुराने एक मामले को लेकर दिल्ली पुलिस प्रसिद्ध लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ मुकदमा चलाने जा रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल विवेक सक्सेना ने इसके लिये अनुमति देकर यह साफ कर दिया है कि ऐसे सारे तमाम बुद्धिजीवी, लेखक व पत्रकार सरकार से बच नहीं सकते अगर वे उसके आलोचक हैं। उनसे गर सवाल करते हैं। भारत की जेलों में अनेक ऐसे लोग पहले से ही या तो बन्द हैं या किसी न किसी जांच एजेंसी की पूछताछ का सामना कर रहे हैं। अब प्रतिष्ठित लेखिका का नंबर आया हुआ दिखता है। उपराज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को सूचित किया है कि 2010 के एक भड़काऊ भाषणों से संबंधित एक मामले में लेखक-एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय तथा एक पूर्व कश्मीरी प्रो. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। रॉय तथा पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ उक्त एफआईआर दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुई थी। यहां के तिलक मार्ग थाने में यह शिकायत कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर, 2010 को दर्ज कराई थी।

उनके अनुसार उसी साल 21 अक्टूबर को 'कमेटी फॉर रिलीज ऑफ पॉलिटिकल प्रिजनर्स' के तत्वावधान में 'आजादी' नामक सम्मेलन में कुछ वक्ताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। सम्मेलन में और भी ऐसे मुद्दों पर चर्चा की गई थी जिनका लक्ष्य कश्मीर को भारत से अलग करना था। यह भी आरोप था कि इन कथित भड़काऊ भाषणों से सार्वजनिक शांति और सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। उल्लेखनीय है कि मामले में दो और आरोपी कश्मीरी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक सैयद अब्दुल रहमान गिलानी भी थे जिनकी मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है।

## भूख और गरीबी लोकतंत्र में माथे पर कलंक है

**बाल मुकुन्द ओझा**

**आजादी के** 76 वर्ष बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्याओं से छुटकारा नहीं मिल पाया है। बच्चे, महिलाएं और वंचित समाज के लोग इन समस्याओं का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। एक तरफ हम खाद्यान्न के मामले में न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अनाज का एक बड़ा हिस्सा निर्यात करते हैं। वहीं दूसरी ओर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कुपोषित आबादी भारत में है। इन्हीं चुनौतियों का सामना करने के लिए हर साल विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। देश और दुनिया में अभी भी करोड़ो लोग भुखमरी के शिकार है। चाहे विकासशील देश हो या विकसित देश हो। भुखमरी की समस्या पूरा विश्व झेल रहा है। कोरोना महामारी की गिनती भी इसी संकट से की जा सकती है जब लाखों लोग बेरोजगार होकर रोजी रोटी के लिए दर दर भटक रहे है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों ने संकट में अपने जरुरतमंद देशवासियों की मदद के लिए हाथ बँटाये है मगर यह नाकाफी है।

विश्व खाद्य दिवस 2023 की थीम जल ही जीवन है, जल ही भोजन है रखी गई है। यह थीम पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में पानी की महत्वपूर्ण भूमिका और हमारे खाद्य स्त्रोतों से इसके मौलिक संबंध को रेखांकित करती है। इसका उद्देश्य तेजी से जनसंख्या वृद्धि, आर्थिक विकास, शहरीकरण और जल पहुंच को खतरे में डालने वाले जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए विश्व स्तर पर विवेकपूर्ण जल प्रबंधन के महत्व पर जोर देना है। प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व खाद्य दिवस भूख के बारे में जागरूकता बढ़ाने और भोजन, लोगों और ग्रह के भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने आधिकारिक तौर पर 1979 में 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस के रूप में घोषित किया। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में 69 करोड़ 10 लाख से 78 करोड़ 30 लाख लोगों को भुखमरी का सामना करना पड़ा, जो कि साल 2019 की तुलना में 12 करोड़ 20 लाख लोगों की वृद्धि हुई। इस वर्ष 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस हम ऐसे समय में मनाने जारहे है जब भारत भूख और गरीबी के दल दल से बाहर निकलने के लिए प्रयासरत है। विश्व खाद्य दिवस लोगों को भुखमरी जैसी समस्यों से जागरूक करना तथा भोजन को खराब होने से बचाने के लिए मनाया जाता है। देश और दुनिया में अभी भी करोड़ो लोग भुखमरी के शिकार है। चाहे विकासशील देश हो या विकसित देश हो। भुखमरी की समस्या पूरा विश्व झेल रहा है। कोरोना महामारी की गिनती भी इसी संकट से की जा सकती है जब लाखों लोग बेरोजगार होकर रोजी रोटी के लिए दर दर भटक रहे है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों ने संकट में अपने जरुरतमंद देशवासियों की मदद के लिए हाथ बँटाये है मगर यह नाकाफी है।दुनिया भर में भूखे पेट सोने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है। यह संख्या आज भी तेजी से बढ़ती जा रही है। अब तो यह मानने वालों की तादाद कम नहीं है कि जब तक धरती और आसमान रहेगा तब तक आदमजात अमीरी और गरीबी नामक दो वर्गों में बंटा रहेगा। शोषक और शोषित की परिभाषा समय के साथ बदलती रहेगी मगर भूख और गरीबी का तांडव कायम रहेगा। अमीरी और गरीबी का अंतर कम जरूर हो सकता है मगर इसके लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी पड़ेगी। प्रत्येक संपन्न देश और व्यक्ति को संकल्पबद्धता के साथ गरीब की रोजी और रोटी का माकूल प्रबंध करना होगा।

## सरकारी दफ्तरों में वसूली को अधिकारियों ने रखे कारिंदे, बाहरी आदमी के फाइल-पासवर्ड तक सीधी पहुंच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले राज्य कर विभाग में भ्रष्टाचार व टैक्स चोरी के शिकायतें सबसे ज्यादा हैं। विभाग में तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों ने वसूली के लिए निजी कारिंदें तैनात कर रखे हैं।

रविवार को राजस्व व राज्य कर विभाग में बाहरी लोगों से काम कराने की शिकायतें मिली हैं। जांच में पता चला कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न खंडों, मंडलीय व उप मंडलीय कार्यालयों में निजी लोगों से दफ्तर का काम करा रहे हैं। ये निजी लोग संवेदनशील फाइलों से लेकर लेनदेन तक का काम करते हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त/सचिव अनिल कुमार यादव ने सभी मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि सरकारी कर्मचारियों बाहरी लोगों के सहयोग से शासकीय/विभागीय कार्य करा रहे हैं। ऐसे लोगों की कार्य करने से भ्रष्टाचार की शिकायतें शासन को लगातार मिल रही हैं। ये स्थिति बेहद आपत्तिजनक है।

उन्होंने कहा है कि कार्यालयों में निजी व्यक्ति के काम करते मिलने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले राजस्व व राज्य कर विभाग में भ्रष्टाचार और टैक्स चोरी की शिकायतें सबसे ज्यादा हैं। विभाग में तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों ने वसूली के लिए निजी कारिंदें तैनात कर रखे हैं। इन कारिंदों के पास न सिर्फ विभागीय पासवर्ड हैं, बल्कि संवेदनशील फाइलों तक सीधी पहुंच है। अधिकारियों के निजी कारिंदे आम जनता को धमकी देकर वसूली करते हैं। यह शिकायत वाणिज्य कर विभाग में भी हैं।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त अनिल कुमार यादव ने सभी मंडलायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि निजी व्यक्तियों से किसी सूरत में विभागीय कार्य न करायें। किसी कार्यालय में निजी व्यक्ति से काम कराने की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदूषित होती जीवनदायिनी मां मंदाकिनी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** मां मंदाकिनी के उद्गम स्थल पर विकास के अतिक्रमण का भयावह रूप परिलक्षित होता है। मां मंदाकिनी उद्गम स्थल पर ही प्रदूषित हो तो ऐसे में ये कैसे मान लें कि निर्मलता पर किए प्रयास काफी हैं। धार्मिक स्थलों पर प्रदूषण लोगों के कारण भी होता है, जो उच्छृंखल प्रवृति के हैं।

ऐसे लोगों का मुख्य उद्देश्य धार्मिक स्थलों पर पिकनिक मानना होता है। ये वही लोग हैं जो नदियों के किनारे भंडारा करते हैं। डिस्पोजल नदियों किनारे फेंक देते हैं। साबुन-शैम्पो से नदियों में घंटो खेलना तो आम बात हो गई है। सतीअनुसुइया आश्रम में पार्किंग के नाम पर वसूले जाने वाले टैक्स में भले कोई चूक न हो, लेकिन जिस स्थल की बदौलत पार्किंग के नाम पर खुली व अंधी लूट मची हो, वहां का वास्तविक स्वरूप भले ही बिगड़े, इसकी परवाह किसी को नहीं है। किसी को है भी तो उनकी संख्या सीमित है कि वे चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते हैं।

जरूरत है मां मंदाकिनी को स्वच्छ बनाने को तथाकथित पिकनिक जीवियों पर भारी जुमार्ने की स्थानीय कारोबारियों पर प्लास्टिक सामग्री संबधित वस्तुओं के क्रय-विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। अन्य पहलुओं पर भी चर्चा होनी चाहिए, तभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के मूल स्वरूप को बरकरार रख पाएंगे। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब कंक्रीट के अतिक्रमण से सिर्फ नदियों के नाम पर स्मारक ही बचेंगे।

## पुलिस ने दबोचे दो वारंटी व एक वांछित

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटी व एक वांछित दबोचा है।

रविवार को भरतकूप थाने के दरोगा इमरान खान ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ छेडछाड व गाली-गलौज के वारंटी रजुवा पुत्र सद्दू निवासी गोंडा को गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने दीवान उमाशंकर, सिपाही अतुल परिहार के साथ दहेज हत्या के वारंटी संतोष कुमार पुत्र बारेलाल निवासी खरहा थाना नयागांव जिला सतना मप्र को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली कर्वी के दरोगा राम आश्रय प्रसाद ने सिपाही दिनेश कुमार के साथ घर में घुसकर छेडछाड व पाक्सो एक्ट व एससी/एसटी के वांछित पुष्पराज सिंह उर्फ राजू ठाकुर पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी चकजाफर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने सिपाही शैलेन्द्र कुमार सिंह व सिपाही आशोक पाल के साथ एनआई एक्ट के वारंटी श्यामलाल पुत्र गंगा निवासी डड़िया मजरा कंधवनियां को गिरफ्तार किया है।

## प्रअ निहारिका की जांच के बाद भी बीएसए नहीं कर रहे कार्यवाही , फर्जी मातृत्व अवकाश व छात्रा के अधिकारों के हनन का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रयागराज जिला न्यायालय के अधिवक्ता उत्तम द्विवेदी ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूट जिले के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक निहारिका श्रीवास्तव राजापुर-2 रामनगर ब्लाक में फर्जी मेडिकल से बच्चों की देखभाल को अवकाश लेती है। विद्यालय की छात्रा से बाल मजदूरी करवाती है। जांच पूरी होने के बाद भी कोई कार्यवाही उस पर नहीं हुई है।

रविवार को प्रयागराज जिला न्यायालय के अधिवक्ता उत्तम द्विवेदी ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि श्रीमती निहारिका श्रीवास्तव प्राथमिक विद्यालय राजापुर-2 में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात है। उसने फर्जी ढंग से मातृत्व अवकाश व बच्चों की देखभाल को अवकाश लिया है। विद्यालय की छात्रा को शिक्षा अधिकार से वंचित कर अपने घर व विद्यालय में बाल मजदूरी कराती है। अन्य अनियमितताओं की शिकायत भी मुख्यमंत्री पोर्टल में आईजीआरएस से की गई है। विभागीय उच्चाधिकारियों समेत जिलाधिकारी को भी पंजीकृत पत्रों से शिकायत कर जांच की मांग की गई है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने मामले की जांच पूरी होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की। शासन के जीरो टॉलरेंस नीति, समान न्याय और सुशासन स्थापित करने के संकल्प को चुनौती दे रही है। उन्होंने कहा कि विभाग को गुमराह कर फर्जी अवकाश लेने वाली व विद्यालय की छात्रा के बाल अधिकार, शिक्षा अधिकार का हनन कर बाल मजदूरी कराने वाली प्रअ निहारिका श्रीवास्तव के खिलाफ शासनादेश का उल्लंघन करने व बाल अधिकार का हनन करने के मामले में कठोर कार्यवाही की जाये, ताकि न्याय व संविधान पर आम जनता का विश्वास कायम रहे।

# शारदीय नवरात्र शुरू, पंडालों में बैठने लगी देवी

## जनप्रतिनिधियों समेत अधिकारियों ने हरीझंडी दिखा किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में शारदीय नवरात्र का पर्व शुरू हो गया है। जिला मुख्यालय समेत आसपास के कस्बों के पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमायें स्थापित हो गई हैं। मूर्तिकार प्रतिमाओं को अन्तिम रुप देने में तेजी से जुटे हैं।

रविवार को जिले में शारदीय नवरात्र का पर्व शुरू हो गया है। मूर्तिकार बाबूलाल पाल ने बताया कि गंगा की मिट्टी लाकर प्रतिमा बनाते हैं। मिट्टी में धान की घास और बांस व सुतली का प्रयोग होता है। प्रतिमा पूरी मिट्टी की होती है। रंग भी अच्छी क्वालिटी का किया जाता है, ताकि चेहरे में चमक अच्छी रहे। पंडालों में प्रतिमायें विराजमान होने लगी हैं। लाइटों के सेट में मूर्ति और सुन्दर लगती है। इस बार जिले में ढाई सौ से ज्यादा प्रतिमाओं के आर्डर मिले हैं। एक मूर्ति तकरीबन 25 से 60 हजार रुपये की होती है। कुछ लोग मूर्ति को मानिकपुर कस्बे व मप्र के जबलपुर आदि से भी लाते हैं।

ज्यादातर दुर्गा मां की प्रतिमायें शेर पर बैठी हुई एवं



शिवजी को जल चढाती हैं। प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। देवी-मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भीड उमडना शुरू हो गई है। पहले दिन जिला मुख्यालय के देवी-मन्दिरों में महिलाओं व पुरुषों ने दुर्गा प्रतिमा की पूजन-अर्चन किया।

मऊ प्रतिनिधि के अनुसार शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ पर नगर से लेकर देहात तक सभी मंदिरों को सजा दिया गया है। नगर पंचायत मऊ के बाजार में श्रद्धालुओं ने पूजा व फलाहार आदि सामानों की खरीददारी को खूब भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त पर सवेरे मंदिरों व घरों में कलश स्थापित कर मां भगवती की आराधना शुरू कर दी। शारदीय नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में दिनभर उत्साह रहा। दिनभर बाजारों में खरीददारी करने को महिला व पुरुषों की भीड़ लगी रही। लोगों ने पूजा को कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूपबत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी, कपूर समेज पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री खरीदी। नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज करने को बाजार में कुट्ट, फल, व्रत के अन्य सामानों की दुकानें सज गई है। इन दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ लगी रही। नवरात्रि में भगवती की उपासना से सभी प्रकार के कष्ट दूर होते हैं। नगर पंचायत मऊ के प्रमुख देवी स्थल मां आनंदी माता मंदिर में सवेरे से भक्तों की भीड़ दर्शन-पूजन को शुरू हो जाती है। त्यौहार के मद्देनजर मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में पुलिस खासी मुस्तैद है। भीड़भाड़ वाली जगहों पर निगरानी के साथ पुलिस की मौजूदगी बनी है। प्रशासन ने बताया कि अराजक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## विश्व प्रसिद्ध प्रो/नेत्र विज्ञान शोधकर्ता जीवीएस मूर्ति हुए सम्मानित

## डॉ जैन ने किया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व के प्रसिद्ध नेत्र विज्ञान शोधकर्ता एवं प्रतिष्ठित प्रो जीवीएस मूर्ति (निदेशक एसएसीडीआईआर) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ हैदराबाद एवं प्रो लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रापिकल मेडिसिन दो दिवसीय दौरे दौरान संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड का भ्रमण कर ट्रस्ट से संचालित विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन कर सराहना की।



रविवार को श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/ डायरेक्टर डा बीके जैन ने भ्रमण दौरान उन्हें पुष्प देकर स्वागत किया। मानव सेवा को समर्पित प्रो जीवीएस मूर्ति ने नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में शोध कर जो काम किया उससे प्रभावित ट्रस्ट ने मानव सेवा अवार्ड दिया। प्रो जीवीएस मूर्ति ने कहा कि पहली सेवा सेवा ग्राम मेडिकल कॉलेज में दी है। सेवा ग्राम में ही गांधी आश्रम है। हर स्टूडेंट 15 दिन आश्रम में व्यतीत करता है। उसके बाद दूसरी बार श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में काम किया। ये दोनो ही इंस्टीट्यूशन याद दिलाते हैं कि ये ही भारत है। क्वालिटी के लिए हृदय से भावना होनी चाहिए, जब ये भावना होती है, तभी आगे बढ़ सकते हैं। समस्या को सर्च करना चाहिए, ताकि सबको लाभ मिले। चित्रकूट के माडल को सारे देश यूज करते हैं। रिसर्च को एक हाथ से ताली नहीं बजती, बल्कि दो नही दस हांथों से मिलकर ताली बजती है। टीम वर्क में काम करना चाहिए। ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन ने कहा कि 1995 में दिल्ली के निर्माण भवन में उनकी और प्रो जीवीएस मूर्ति की भेंट हुई थी। डा जैन ने कहा कि कम्यूनिटी को प्रो मूर्ति ने ही बढ़ाया है। सेंसियर हार्ड वर्कर, आनेस्ट समेत ये सोच है कि हमेशा रिसर्च के बारे में ही सोचते है। डा जैन ने कहा कि आगे बढ़ने को सबको सोच बदलनी पड़ेगी। सोच बदली तो देश बदला। आप भी सोच बदलेंगे तो आप भी आगे बढ़ेंगे। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट व सदगुरू परिवार की ओर से डा जैन ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित कर स्मृति चिन्ह व मानवता को अंधत्व निवारण मिशन एवं वैश्विक नेत्र विज्ञान पर अमूल्य योगदान को लिए सदगुरू ह्युमानिटेरियान अवार्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर सद्गुरू परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## खाऊ-कमाऊ पद हो गयी है ग्राम प्रधानी, लाखों-करोड़ों के बजट के बाद भी गांव हैं जस के तस

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** प्रधानी के चुनाव आते ही प्रधान पद के प्रत्याशी बड़े-बड़े वायदे ग्रामीणों से करते हैं। विकास की बातें कर प्रधान पद पर आसीन होते ही सारे वायदे हवा- हवाई हो जाते हैं।

रविवार को प्रधानों की करतूत का खुलासा हुआ। बताया गया कि गांवों की दशा ऐसी होती जा रही है कि लोग गांवों में रहने से भी कतराने लगे हैं। गांवो का हाल ये है कि लोग पलायन करने लगे हैं। न तो उनकी आजीविका की समस्या हल हो रही है और न विकास के समुचित संसाधन मिल पा रहे हैं। गांव जहां स्वच्छ हवा, पानी, खेत, खलिहान के लिए जाने जाते थे, वहीं आज गांव का माहौल प्रदूषित हो गया है। चारों तरफ कूड़ों के अंबार गांव की वास्तविक दशा का वर्णन करते हैं। ग्रामीण विकास पर लाखों रुपए खर्च करने का दावा करने वाली सरकार गांव की दशा सुधारने में नाकामयाब हो रही है। 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 में पारित भारत में पंचायती राज व्यवस्था लागू करने के दिशा में बड़ा कदम था, लेकिन स्थानीय प्रशासन की नजर से महत्वपूर्ण अधिनियम के लागू होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों का विकास नहीं हो पा रहा है। जो चिंता का विषय है। संविधान संशोधन के बाद ग्रामीण अंचल में विकास की आशा की नवज्योति जली थी। बीमारू श्रेणी में घोषित हो चुके गांव की बदहाल स्थिति बदलेगी, लेकिन दशकों बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से गांव वंचित हैं। ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सरकार की जारी लाखों-करोड़ों की योजनायें निरंतर फेल हो रही हैं। गांव की दशा जस की तस बनी है। राज्य वित्त समेत विकास की अनेकों योजनाओं के लाखों रुपए ग्रामीण विकास को आते हैं, लेकिन विचारणीय है कि इतना सब कुछ खर्च होने के बाद भी गांव का विकास आखिर क्यों नहीं हो पाया? प्रधानों की माने तो गांव सभा का कायाकल्प कर दिया है, जबकि हालात उलट है। गांव की पगडंडी ग्रामीण जनता के आवागमन साधन रह गयी हैं। प्रधान के दरवाजे तक सड़क अवश्य बन गई है। प्रधानी अब खाऊ-कमाऊ पद हो गया है। यही कारण है कि प्रधानी के चुनाव में काफी रुपए खर्च होने लगे हैं। यहां तक कि प्रधानी पद को तमाम साजिशें होने लगी हैं। सवाल है कि क्या तन-मन से ग्रामीणों की सेवा प्रधान करना चाहते हैं। विरोधी प्रत्याशियों के लिए साजिशें और घात लगाना ही मुनासिब रह गया है। वास्तविकता ये नहीं है कि ये ग्रामीणों की सेवा करना चाहते हैं, बल्कि ये तो चुनाव जीतकर तिजोरी भरने की फिराक में रहते हैं। किसी भी गांवसभा की ओर नजर डालें तो पता चलता है कि हैंडपंप खराब पड़ा है। सरकारी योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है। केंद्र व राज्य सरकार अनेकों योजनायें चला रही हैं। गांव की भोली-भाली जनता को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल रहा। गौरतलब है कि जब गांवो के विकास को इतना धन आता है तो गांव की दिशा व दशा में मूलभूत परिवर्तन क्यों नहीं आ रहा। कुछ लोगों कहते हैं कि ग्रामीण विकास योजनाओं की जांच को सरकार को ने स्वतंत्र एजेंसी बनानी चाहिए, जो गांवो के विकास कार्यों की स्वतंत्र जांच कर सके, ताकि विकास की मूलभूत संरचना से ग्रामीण क्षेत्रों को समुचित लाभ मिल सके।

## एंटी रोमियों टीमों ने भ्रमण कर महिला-बालिकाओं को किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति/सीओ राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं गांवों में भ्रमण किया। महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के तहत दुर्गा पंडालों, मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों-चैराहों, बाजारों को असामाजिक तत्वो से मुक्त कराने का बीडा उठाया।



रविवार को पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं/ बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणियां आदि घटनायें रोकने को जागरुक किया जा रहा है। सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित नम्बर यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्पलाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108, एम्बुलेन्स सेवा 1930, साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं से कहा कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा-सहायता को एक महिला हेल्प डेस्क बनाई गई है। महिला पुलिस कर्मी महिलाओं की शिकायतें सुनती हैं। समय से निस्तारण होता है। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत पंपलेट बांटे गये। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने को कहा। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओं को जिले में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में जानकारी दी। सादे वस्त्रों, प्राइवेट वाहनों से स्कूल, कालेज व कोचिंग के आसपास ऐसे स्थान जहां महिलाओ -बालिकाओ का आवागमन होता है, भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो की हरकतों को रोकने की गरज से जांच अभियान में लोगों से पूंछताछ की जाती है। अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत देकर कार्यवाही की जाती है।

## कामदगिरि की सफाई को गम्भीर है समिति

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने शनि मंदिर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 90वां सफाई अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। स्वच्छता पर सभी को ध्यान देना चाहिए।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता को लेकर समिति गंभीर है। प्रत्येक रविवार को ये स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ व सुंदर चित्रकूट हो, इसकी कल्पना को साकार किया जा रहा है। नगर पालिका व कामदगिरि स्वच्छता समिति के प्रयास हैं कि कामतानाथ परिक्रमा पूरी तरह से स्वच्छ व सुंदर हो। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छ मनुष्य ही सुंदर समाज की रचना कर सकता है। आज के अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, शुभम केशरवानी, धीरेंद्र कुमार, कृष्णा शुक्ला, रंजीत कुमार, रवि कुमार, दिनेश कुमार, मिथिलेश कुमार आदि ने सहयोग किया।

## सांसद ने अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्रों का किया लोकार्पण

## सांसद ने बांटे डस्टबिन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत कर्वी ब्लाक के परसौंजा गांव व पहाड़ी ब्लाक के सरधुवा गांव में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों का लोकार्पण सांसद आरके सिंह पटेल ने किया। इन केंद्रों में गांव का सूखा-गीला कचरा ई-रिक्शा से एकत्रित किया जाएगा। कचरे से खाद बनेगी।



रविवार को ग्रामीणों से सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता अभियान शुरू किया था, वह व्यापक रूप ले चुका है। एकल शौचालय निर्माण व सामूहिक शौचालय निर्माण तथा कचरा प्रबंधन समेत स्वच्छता को सभी प्रयास सरकार कर रही है। गांव से शहरों तक नदियों की स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण को वृक्षारोपण सरकार करा रही है। प्रत्येक गांव में आरसीसी केंद्रों की स्थापना कर गांव की स्वच्छता को इन केंद्रों में कचरा प्रबंधन होगा। सभी परिवारों से सांसद ने अपील किया कि नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने आसपास स्वच्छ माहौल का खुद निर्माण करें, ताकि बीमारियों से निजात मिल सके। लाभार्थियों को सांसद ने डस्टबिन भी बांटे। कार्यक्रम में खासतौर से एडीओ पंचायत रूपनारायण सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद्र वर्मा, प्रधान सरधुवा कमलेश प्रजापति, पूर्व प्रधान ऋषिकेश सिंह, ज्ञानेश्वर पाण्डेय, छोटा निषाद, जय प्रकाश सिंह, मधुसूदन सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्रधान परसौंजा श्रीकांत, राजा श्रीवास, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, आशीष रघुवंशी, शिवाकांत पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## समाज की धरोहर है धर्मशाला : भोलानाथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पितृ विसर्जनी अमावस्या पर भारतीय खंगार धर्मशाला की मासिक बैठक में धर्मशाला अध्यक्ष भोलानाथ खंगार की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से धर्मशाला के जर्जर कमरों का प्लास्टर हो गया है। जिनमें श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी।

रविवार को बैठक में भोलानाथ खंगार ने समाज के लोग धर्मशाला के विकास को सहयोग करें। कुछ अराजकतत्व धर्मशाला के विकास में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं। छल-प्रपंच व साजिश से धर्मशाला हडपने की चेष्टा कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। धर्मशाला समाज की धरोहर है। बैठक का संचालन सीताराम सिंह एड ने किया। इस मौके पर दीनदयाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, विनोद सिंह, राम सिंह, पवन सिंह, युवराज सिंह, दिलीप सिंह, सुरेश सिंह, महेश सिंह, संत मुन्नादास, कुंवर पुरी, पुजारी भगवानदास, फलाहारी छोटेदास आदि मौजूद रहे।

## जहां गूंजती थी गोलियां, अब गूंजेगी शेर की दहाड, एक-दो वर्षों में विकसित होगा टाइगर रिजर्व: पीके त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के पाठा क्षेत्र के जंगलों में एक समय डकैतों की गोली की आवाज गूंजती थी, अब प्रदेश सरकार के प्रयासों से यहां डकैतों की गोली नहीं, शेर की दहाड़ सुनाई देगी। रानीपुर टाइगर रिजर्व भारत का 53वां बाघ रिजर्व विकसित हो रहा है। प्रदेश सरकार ने ये घोषणा की थी। ये टाइगर रिजर्व दुधवा, पीलीभीत व



अमनगढ़ के बाद राज्य में चैथा टाइगर रिजर्व होगा। रानीपुर टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ, भालू, सांभर, चित्तीदार हिरण, चिंकारा व कई पक्षी पाये जाते हैं। यूपी के चैथा रानीपुर टाइगर रिजर्व चित्रकूट में विकसित हो रहा है। पर्यटकों के लिए खास पर्यटन का केन्द्र बनेगा। रोजगार के भी मौके बढ़ेंगे। पन्ना टाइगर रिजर्व से महज 150 किमी में खुले आसमान के नीचे बाघों को खुलेआम घूमते देखा जा सकता है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक पीके त्रिपाठी ने कहा कि पहले ये सेंचुरी था, अब टाइगर रिजर्व बन रहा है। पुराना रानीपुर सेंचुरी यहां पहले से ही रहा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के आसपास के जिलों से पन्ना टाइगर रिजर्व, रीवा, सतना से टाइगरों की गतिविधियां मानिकपुर सेंचुरी में होती थी।

## नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा अधिकारियों की बीच बैठक, अपराध नियंत्रण सहयोग पर सहमति

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के सीमा सुरक्षा अधिकारियों के बीच सीमा सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के मुद्दे पर सीमा सुरक्षा समन्वय बैठक सम्पन्न हुई है। विराटनगर में नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल और भारत की सशस्त्र सीमा बल के शीर्ष अधिकारियों के बीच यह बैठक आयोजित की गयी। नेपाल के गृह मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों के बीच सीमा क्षेत्र में



आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने में सहयोग करने पर सहमति बनी है। गृह मंत्रालय के द्वारा जारी बयान के मुताबिक बैठक में जहां सीमा क्षेत्र को निशाना बनाने वाले दोनों देशों की सुरक्षा संवेदनशीलता पर गंभीरता से चर्चा की गई, वहीं सुरक्षा अधिकारियों ने सीमा अपराध नियंत्रण के लिए सहयोग और समन्वय को प्राथमिकता देने का वादा किया। नेपाल की ओर से कोशी प्रांत के सशस्त्र प्रहरी बल के प्रमुख डीआइजी अंजनी कुमार पोखरेल और भारत की ओर से सिलीगुड़ी स्थित एसएसबी के डीआईजी डीबी सोनार ने बैठक का नेतृत्व किया। बैठक में सीमा अपराध, अवैध गतिविधियां, सीमा शुल्क चोरी, सीमा पर अवांछित गतिविधियां, सीमा अतिक्रमण, नशीले पदार्थ, मानव तस्करी नियंत्रण और रोकथाम पर चर्चा की गई।

## 'गाजा में आत्मरक्षा के दायरे से परे काम कर रहा इस्राइल', चीन ने लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** हमास के इस्राइल पर अचानक हमले के बाद हालात बिगड़ते जा रहे हैं। दोनों के बीच संघर्ष को अब हफ्तेभर से ज्यादा का समय हो चुका है। अब तक 3,300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि, अब इस्राइल की कार्रवाई पर चीन ने सवाल उठा दिया है। उसने आरोप लगाया है कि इस्राइल की कार्रवाई आत्मरक्षा के दायरे से परे हो गई है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को इस्राइली सरकार से कहा कि अब उन्हें गाजा के लोगों को सामूहिक सजा देना बंद करना चाहिए।

**अबतक क्या कुछ हुआ**

गौरतलब है, हमास के आतंकी हमले में जहां अब तक इस्राइल के 1300 से ज्यादा की मौत हो चुकी है, वहीं इसके पलटवार में गाजा पट्टी पर 2000 के करीब लोग मारे गए हैं। इन हालात के बीच कई देशों ने अपने नागरिकों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए हैं। भारत के साथ-साथ ब्रिटेन और कुछ और पश्चिमी देशों ने विमानों के जरिए अपने लोगों को निकाला है।

**वांग ने प्रिंस फरहान से की बात**

बता दें, वांग ने सऊदी अरब के अपने समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान से शनिवार को फोन पर बातचीत की थी। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब इस्राइल गाजा में हमास आतंकवादियों के खिलाफ जमीनी हमले की तैयारी करता दिख रहा है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार , वांग ने कहा कि इस्राइल की कार्रवाई आत्मरक्षा के दायरे से परे है। उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र महासचिव की बात को गंभीरता से सुनना चाहिए। साथ ही गाजा के लोगों को सामूहिक सजा देना बंद करना चाहिए।

## पूर्व कारोबारी क्रिस्टोफर लक्सन होंगे न्यूजीलैंड के अगले प्रधानमंत्री

**वाशिंगटन।** न्यूजीलैंड के चुनाव में पूर्व कारोबारी क्रिस्टोफर लक्सन ने निर्णायक जीत हासिल की। वह देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। लोगों ने छह साल की उदारवादी सरकार के बाद बदलाव के लिए वोट दिया। निवर्तमान सरकार का बड़ी अवधि तक जेसिंडा अर्डर्न ने नेतृत्व किया। लक्सन की नेशनल पार्टी को करीब 40त्न वोट मिले। न्यूजीलैंड की आनुपातिक प्रतिनिधित्व वाली मतदान प्रणाली के तहत लक्सन के लिए एसीटी पार्टी संग गठबंधन की उम्मीद है।



## इजरायल के साथ युद्ध के बीच कतर में हमास नेता हानियेह से मिले ईरानी विदेश मंत्री होसैन

**दोहा।** ईरान की सहायता से फिलिस्तीन में फले-फूले कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास का हौसला बढ़ गया है। गाजा पट्टी में हमास और इजरायल के बीच छिड़ी जंग के बीच ईरान के विदेशमंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन कतर में हमास नेता इस्माइल हानियेह से मिले। आतंकवादी समूह का प्रमुख नेता हानियेह हमास की राजनीतिक शाखा से जुड़ा है। वह 2019 के आखिर से कतर में रह रहा है। ईरान ने हमास के इजरायल पर किए गए आक्रमण पर खुशी जताई है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस माह की सात तारीख को इजरायल पर हमास के हवाई हमले के बाद ईरानी अधिकारियों के साथ हानियेह की पहली आधिकारिक बैठक है। माना जा रहा है कि ईरान के विदेशमंत्री ने हमास और फिलिस्तीनी नागरिकों के लक्ष्यों को पूरी तरह से प्राप्त करने के लिए सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की है।

मीडिया रिपोर्ट्स में हमास की विज्ञप्ति के हवाले से कहा गया है कि हानियेह ने कहा कि इस लड़ाई के बाद जो होगा, वह एक नया इतिहास होगा।

ईरान के विदेशमंत्री ने दक्षिणी इजरायल में हमास के हमलों, नागरिकों और सैनिकों के अपहरण को गौरवशाली कहा है। उल्लेखनीय है कि इजरायल लगातार आरोप लगाता रहा है कि हमले में ईरान का हाथ है।

## बंधक बनाए गए लोगों की हालत गंभीर, मेडिकल टीम प्रमुख ने तत्काल इलाज देने के लिए मांगी मदद

**तेल अवीव।** हमास द्वारा बंधक बनाए गए सैकड़ों इस्राइलियों और अन्य देशों के नागरिकों की हालत बेहद दयनीय बताई जा रही है। ऐसे में 'बंधकों और लापता परिवार फोरम' की मेडिकल टीम के प्रमुख हागाई लेविन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

उनका कहना है कि बंधकों को गंभीर बीमारियां हैं, जिसके लिए तत्काल देखभाल की आवश्यकता है।

**तत्काल देखभाल की है जरूरत**

तेल अवीव में आयोजित सम्मेलन में लेविन ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हमास ने सैकड़ों इस्राइलियों के साथ-साथ अमेरिकी और कई यूरोपीय नागरिकों को भी बंधक में रखा है। उन्हें बीमारियां हैं, जिन्हें तत्काल देखभाल की आवश्यकता है। लेविन ने तुर्किये, मिस्र, कतर और सऊदी अरब सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। लेविन ने इस बात पर जोर दिया कि जरूरतमंदों को इलाज से इनकार करना 'हराम' है। मुझे उम्मीद है कि मुस्लिम लोग हमास से बंधकों के इलाज के लिए अनुमति देने की मांग करेंगे।

## अमेरिका के मैरीलैंड में आम्बेडकर की 19 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

**वाशिंगटन।** भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की सबसे ऊंची प्रतिमा (स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी) का औपचारिक रूप से अनावरण अमेरिका के मैरीलैंड शहर में किया गया। 19 फीट ऊंची इस प्रतिमा के अनावरण समारोह में अमेरिका के विभिन्न हिस्सों से 500 से अधिक भारतीय-अमेरिकी, भारत और अन्य देशों के कई लोग शामिल हुए। इन सभी लोगों ने जय भीम के नारे भी लगाए। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह प्रतिमा सरदार पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने बनाई है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को भारत के गुजरात में सरदार सरोवर बांध के नीचे की ओर नर्मदा में एक द्वीप पर स्थापित किया गया है। स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी के अनावरण समारोह में शामिल प्रतिभागियों का भारी बारिश और बूंदाबांदी के बाद भी उत्साह कम नहीं हुआ। कई लोगों ने इस



ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए करीब 10 घंटे तक की यात्रा की। प्रतिमा के अनावरण समारोह के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों से आए भारतीय-अमेरिकियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। समारोह में शामिल दिलीप म्हास्के ने कहा कि स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी 1.4 अरब भारतीयों और 4.5 मिलियन भारतीय अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करेगी। उल्लेखनीय है कि दिलीप म्हास्के अमेरिका में आम्बेडकरवादी आंदोलन का नेतृत्व करते हैं।

## इजरायल-हमास युद्ध : गाजा में दूध के लिए तरस रहे मासूम, खाने के पड़े लाले

**गाजा।** इजरायल-हमास के बीच जारी संघर्ष के एक सप्ताह बाद हालात बद से बदतर हो गए हैं। इजराइल के लगातार हमले और गाजा छोड़कर जाने के ऐलान के बाद से वहां भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं। वहां बच्चे दूध के लिए तरस रहे हैं, आम लोगों की रोजमर्रा की चीज जैसे ब्रेड, अंडे तक नसीब नहीं हो रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों को पीने के पानी की भी कमी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने से फोन तक चार्ज नहीं हो पा रहे। हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा में खाद्य आपूर्ति रोकने और बिजली काटने के लिए संपूर्ण नाकाबंदी कर दी है। इसके कारण दुकानों में कई सामान खत्म हो रहे हैं। दक्षिण गाजा के खान यूनिस में मौजूद इयाद अबू मुतलक ने कहा कि यहां बिजली, भोजन और पानी हर चीज की दिक्कत है। ऊपर वाला ही इस समस्या को सुलझा सकता है। उन्होंने कहा कि वह चार बेकरी देखकर यहां आए हैं। कहीं तो ब्रेड नहीं है तो कहीं इतनी लंबी कतार है कि इसका मिलना मुश्किल लग रहा है। दक्षिणी गाजा में लोगों की बाढ़ सुरक्षा के लिए उत्तर छोड़ने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि वे संघर्ष में न फंसें। इस बीच



सी आ गई है, क्योंकि इजरायल ने कहा था कि गाजा के उत्तर में रहने वाले दक्षिण में चले जाएं। खान यूनिस में मौजूद अम सलेम ने कहा कि यहां भोजन के लिए तरस रहे हैं। अंडा, चावल, केन फूड कुछ भी नहीं मिल रहा है। यहां तक की बच्चे का दूध भी नसीब नहीं हो रहा है। वहीं, इजरायल ने कहा है कि उसने लोगों को अपनी संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल से गाजा में मानवतावादी कदम उठाने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के कमिश्नर जनरल फिलिप लाजारिनी ने कहा कि लोगों के लिए पानी आखिरी लाइफ लाइन है। मैं अपील करता हूं कि मानवीय सहायता के लिए अब घेराबंदी हटाया जाना चाहिए।

## इस्राइली हवाई हमले में हमास का एक और टॉप कमांडर ढेर

**तेल अवीव ।** इस्राइल के हवाई हमले में आतंकी संगठन हमास का एक और कमांडर ढेर हो गया है। जिसकी पहचान बिलाल-अल-केदरा के रूप में हुई है। बिलाल अल केदरा हमास की नुखबा फोर्स का कमांडर था। नुखबा फोर्स हमास की नौसेना की स्पेशल फोर्स की यूनिट है। इस्राइल की वायु सेना ने एक बयान जारी कर बताया कि उन्हें खुफिया सूचना मिली थी कि बिलाल-अल-केदरा दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस इलाके में मौजूद है। इस्राइली वायु सेना ने बताया कि खुफिया सूचना के बाद हवाई हमला किया गया, जिसमें बिलाल-अल-केदरा की मौत हो गई। इस्राइली वायु सेना ने दावा किया है कि उसके हमले में हमास के कई अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। इस्राइली वायुसेना ने हमले का



वीडियो भी जारी किया है।

**हमास के सैन्य ठिकानों पर बरसाए बम**

इस्राइली वायुसेना ने गाजा पट्टी के खान यूनिस, जेतुन और जबालिया पश्चिम इलाकों में 100 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इस दौरान हमास के कमांड सेंटर्स और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस हमले में हमास की कई एंटी टैंक मिसाइलें और मिसाइल हमलों के लॉन्च पैड तबाह हो गए। इस्राइल ने बताया कि बीते दिनों जब हमास के आतंकियों ने इस्राइल में खून खराबा किया था तो उस समय किबुत्ज निरिम में हुई बर्बर हिंसा के पीछे बिलाल-अल-केदरा का ही हाथ था। इससे पहले इस्राइली वायु सेना के हमले में हमास की वायु सेना का प्रमुख मुराद अबु मुराद की भी मौत हो चुकी है। इस्राइली सेना ने उत्तरी गाजा को खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। अब मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से खबर आ रही है कि इस्राइल ने फिलहाल उत्तरी गाजा में सैन्य ऑपरेशन रोक दिया है और लोगों को इलाका खाली करने के लिए तीन घंटे का समय दिया है। इस्राइली सेना ने उत्तरी गाजा में रहने वाले लोगों को दक्षिणी गाजा में जाने को कहा है।

## इस हफ्ते तीसरी बार कांपी धरती, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 6.3; पहले भूकंप में गई थीं 4000 की जान

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान में रविवार सुबह एक बार फिर तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई है। अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले कुछ हफ्तों में आए तेज भूकंप के झटकों के बाद हजारों लोग मारे गए और पूरे गांव तबाह हो गए हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप हेरात शहर से 33 किलोमीटर दूर आया है।

गौरतलब है, इस सप्ताह में तीसरी बार झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, अफगानिस्तान में रिक्टर स्केल पर 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था। सुबह 6:39 बजे (आईएसटी) देश में 50 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

इससे पहले 11 अक्तूबर को अफगानिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। इससे हेरात प्रांत में 4000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और हजारों आवासीय इमारतें नष्ट हो गईं थीं। हेरात और आसपास के इलाके शनिवार को भी 6.3 तीव्रता के भूकंप और उसके शक्तिशाली झटकों से हिल गए।

## नेपालः सत्तारूढ़ गठबन्धन में दरार, विपक्षी के समर्थन से कोशी प्रदेश में सरकार

**काठमांडू।** पिछले पांच

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

कोशी प्रदेश के राज्यपाल ने कार्की को मुख्यमंत्री पद पर नियुक्ति दे दी है। हालांकि गठबन्धन के



तरफ से माओवादी विधायक को मुख्यमंत्री के पद पर दावा करने का निर्णय किया गया था। लेकिन गठबन्धन के ही आठ विधायकों के विपक्षी दल के साथ मिल जाने से गठबन्धन के उम्मीद्वार को बहुमत नहीं मिल पाया। नेपाल के संविधान के मुताबिक जब किसी भी एक पार्टी या कोई एक गठबन्धन सरकार बनाने में असफल रहता है तो सदन के किसी भी एक विधायक जो अपने पक्ष में बहुमत सांसदों का समर्थन जुटा लेता है वह सरकार बना सकता है। ऐसी परिस्थिति में कोई भी राजनीतिक दल अपने विधायक पर पार्टी का ह्वीप नहीं लाद सकता है या फिर पार्टी लाईन से बाहर जाकर समर्थन देने पर उस पर पार्टी कार्रवाई नहीं कर सकती है। इसी संवैधानिक प्रावधान के तहत सत्तारूढ़ दल के कार्की ने विपक्षी दल का समर्थन लेकर मुख्यमंत्री नियुक्त हो गए हैं। शनिवार को कोशी प्रदेश के राज्यपाल परशुराम खापुंग के पक्ष में हस्ताक्षर करने वाले सभी 47 विधायकों की व्यक्तिगत शिनाख्त करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री पद पर नियुक्ति कर दी। कार्की को रविवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। कार्की के मुख्यमंत्री पद पर नियुक्ति के तुरन्त बाद प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने कहा कि गठबन्धन को बचाने के लिए कार्की को ही सभी सत्तारूढ़ गठबन्धन के तरफ से समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आन्तरिक कलह के कारण जो असमझदारी बन गई है उसको हटाते हुए कार्की को ही समर्थन दिया जाएगा। सत्तारूढ़ घटक के एक अन्य नेता माधव कुमार नेपाल ने कहा कि कोशी प्रदेश में मध्यावधि चुनाव रोकने के लिए सर्वदलीय सरकार गठन करना चाहिए। गठबन्धन के बांकी दलों की तरह नेपाली कांग्रेस खुल कर कुछ भी नहीं बोल रही है। उसके आठ विधायकों के द्वारा विद्रोह करने पर पार्टी के भीतर का अन्तरकलह खुल कर सामने आ गया है। अपने बागी विधायकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग पार्टी के भीतर से ही उठ रहा है।

## गाजा में मानवीय मदद की कोशिशें तेज, बाइडन ने इस्राइल और फलस्तीनी शीर्ष नेताओं से की बात

**वाशिंगटन।** गाजा पट्टी में इस्राइल के हमले तेज होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बीत की। टेलीफोन पर हुई बातचीत में बाइडन ने फलस्तीनी राष्ट्रपति से इस्राइल पर हुए हमास के हमले की निंदा की और कहा कि हमास फलस्तीन के लोगों के अधिकारों और आत्मनिर्णय के अधिकारों के लिए नहीं लड़ रहा है।

**बाइडन ने इन मुद्दों पर की चर्चा**

वहीं नेतन्याहू ने बाइडन को युद्ध के हालातों के बारे में जानकारी दी और बाइडन ने इस्राइल को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर बताया कि दोपहर में राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इस्राइल के प्रति समर्थन जताया। राष्ट्रपति बाइडन ने नेतन्याहू को अमेरिकी सैन्य मदद के बारे में बताया और किसी अन्य देश के इस संघर्ष में शामिल होने पर



इस्राइल को खुलकर सहायता देने की बात भी कही। बाइडन ने नागरिकों को भोजन, पानी और चिकित्सा मदद तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र, मिस्त्र, जॉर्डन, इस्राइल के साथ समन्वय बनाने पर चर्चा की। बाइडन ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी प्रयासों के अपने समर्थन की पुष्टि की। बाइडन ने सभी देशों से हमास के क्रूर अत्याचारों की निंदा करने की जरूरत पर जोर दिया।

**चीनी विदेश मंत्री से ब्लिंकन ने की बात**

वहीं फलस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि किस तरह से आम नागरिकों की मदद के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बाइडन ने मानवीय मदद के काम में फलस्तीनी राष्ट्रपति को पूर्ण समर्थन देने का वादा किया। अमेरिका ने मानवीय मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र, मिस्त्र, जॉर्डन और इस्राइल के साथ मिलकर किए जा रहे कामों की भी फलस्तीनी राष्ट्रपति को जानकारी दी। बाइडन ने दोनों देशों के नेताओं से कहा कि वह इस संघर्ष को बढ़ने से रोकें।